# एक दर्जन पीएम श्री स्कूल खेलकूद किट से होंगे लैस

## 50 हजार रुपये प्रति विद्यालय के हिसाब से दी जा रही मदद

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जनपद में पीएम श्री योजना के तहत चिह्नित बारह स्कूलों में खेलकूद से जुड़ी सामग्री खरीदी जाएगी। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के खाते में 50 हजार रुपये के हिसाब से धनराशि ट्रांसफर कराई जा रही है। इस धनराशि से बच्चों के लिए खेलकूद उपकरण लिए जाएंगे।

पीएम श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। इन दिनों सरकार की ओर से पीएम श्री स्कूलों में बच्चों के लिए खेलकूद की सामग्री उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए प्रति विद्यालय 50 हजार रुपये आवंटित किए गए हैं। ये धनराशि एसएमसी के खातों में भेजी जा रही है।

खेल उपकरण की खरीदारी के लिए स्कूल के प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में स्कूल स्तर पर खेलकूद समिति का गठन किया जाएगा। इसके बाद समिति द्वारा बैडमिंटन, बॉलीवाल, क्रिकेट आदि से जुड़ी हुई सामग्री के अलावा अन्य खेल उपकरण खरीदे जाएंगे। इस बावत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बताया कि पीएम श्री विद्यालयों में स्पोर्टस सामग्री क्रय किए जाने के लिए एसएमसी के खाते में धनराशि ट्रांसफर कराई जा रही है। बीईओ से क्रय की गई सामग्री का सत्यापन कर आख्या मांगी जाएगी।

### पीएम श्री में चयनित विद्यालय

अकबरपुर विकासखंड से प्राथमिक विद्यालय बाढ़ापुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय रोशनमऊ, अमरौधा विकासखंड से प्राथमिक विद्यालय मऊखास, डेरापुर विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेरी, झींझक विकासखंड से प्राथमिक विद्यालय जलिहापुर, प्राथमिक विद्यालय सढ़रामऊ, मैथा विकासखंड से उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर शिवली, मलासा विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय सनायांखेड़ा, राजपुर विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय ख्वाजाफूल, रसूलाबाद विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय कहिंजरी प्रथम, संदलपुर विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय भंदेमऊ एवं सरवनखेड़ा विकासखंड से पूर्व माध्यमिक विद्यालय भदेसा शामिल हैं।

### स्पोर्ट्स क्लब का भी होगा गठन

पीएम श्री स्कूलों में सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों के लिए पर्याप्त स्थल और खेल मैदान की भी सुविधा बच्चों को मुहैया कराई जाएगी। खेल शिक्षक की ओर से विद्यालय में स्पोर्ट्स क्लब का गठन किया जाएगा। इसमें 10 छात्रों को क्लब में नामित किया जाएगा। जिले में संचालित हो रहे परिषदीय स्कूलों में से पहले चरण में 12 कंपोजिट विद्यालयों का पीएमश्री योजना के तहत चयन हुआ है। इन स्कूलों में पंजीकृत बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास और खेलकूद में दिलचस्पी बढ़ाने के लिए खेलकूद किट की खरीदारी की जाएगी।

# हादसों से सबक नहीं, ट्रैक्टर ट्रालियों से ढो रहे सवारी



ट्राली में बैठकर जाते लोग। अमृत विचार

संवाददाता शिवली

● शासन के निर्देश के बाद भी जिम्मेदारों की अनदेखी जारी

**अमृत विचार।** हाकिम के फरमान व कई हादसों के बावजूद भी परिवहन विभाग के अफसरों से लेकर पुलिस कर्मियों की अनदेखी जारी है। जिसके चलते ट्रैक्टर व अन्य भाड़ा वाहन बेरोकटोक सवारियों को ढो रहे हैं। महाशिवरात्रि के मौके पर एसपी ने ट्रैक्टर चालकों को सख्त हिदायत भी दी थी।

शासन की ओर से परिवहन विभाग के जिम्मेदारों को को कई बार भाड़ा वाहनों से सवारियां ढोने पर पूरी तरह अंकुश लगाने के कड़े निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद जनपद की सड़कों पर भाड़ा वाहनों पर धड़ल्ले से सवारियों को ढोया जा रहा है। ट्रक, डीसीएम, लोडर व टैक्टरों पर सवारियों को बैठाकर बेरोकटोक सफर तय किया जा रहा है। जबकि पिछले माह में माघ पूर्णिमा के मौके पर कासगंज में दर्दनाक हादसा हुआ था। साथ ही कुछ माह पहले कानपुर नगर क्षेत्र में लोगों को लेकर जा रही ट्रैक्टर ट्राली पलटने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। इसके बाद भी जिम्मेदार ट्रैक्टरों से सवारियां ढोने वालों पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। जबकि नियमानुसार ट्रैक्टर ट्रालियों का पंजीकरण कृषि संबंधी कार्यों के लिए होता है। लेकिन चालक मनमानी करते हुए सवारियां ढोने से बाज नहीं आ रहे हैं और अपने साथ ही लोगों की जान को भी जोखिम में डालते हैं।

# उत्तर पुस्तिकाओं का 16 मार्च से होगा मूल्यांकन

**कानपुर देहात।** यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 16 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए अकबरपुर व पुखरायां को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाएं करीब पूरी हो गई हैं। इसके साथ ही अब उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी है। जिले में अकबरपुर इंटर कालेज में हाईस्कूल व राजकीय बालिका इंटर कालेज पुखरायां में इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यूपी बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा की उत्तर पुस्ताएं अकबरपुर इंटर कालेज संकलन केंद्र में रखी गई हैं। बोर्ड के निर्देशानुसार यह उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन केंद्र के लिए दूसरे मंडल में भेजी जाएंगी। जबकि कानपुर देहात में दूसरे मंडलों के उत्तर पुस्तिकाएं मूल्यांकन के लिए आएंगी। इस बावत जिला विद्यालय निरीक्षक अचल कुमार मिश्र ने बताया कि बोर्ड उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अकबरपुर व पुखरायां म् केंद्र बनाया गया है। जहां 16 मार्च से उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू होगा और 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाएगा।

## सार-संक्षेप



मूसानगर क्षेत्र में पैदल मार्च करते पुलिस व आईटीबीपी के जवान। अमृत विचार

### चुनाव को लेकर पुलिस व अर्द्धसैनिक बल ने किया पैदल मार्च

**मूसानगर।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र के संवेदनशील व अति संवेदनशील गांवों में पुलिस के साथ आईटीबीपी के जवानों ने पैदल मार्च किया। शनिवार को केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की एक कंपनी मूसानगर पहुंची। आईटीबीपी टीम के कमांडर बलवीर के साथ मूसानगर पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को कानून व्यवस्था का अहसास कराया। इससे पहले मूसानगर के थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह ने अर्द्धसैनिक बल के जवानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। शनिवार को जब मूसानगर कस्बे में अर्द्धसैनिक बल का पैदल मार्च निकला तो देखकर पहले तो लोग किसी आशंका से सहम गए, लेकिन जब उन्हें पता चला कि चुनाव को देखते हुए फ्लैग मार्च किया जा रहा है तो लोगों ने राहत की सांस ली। अर्द्धसैनिक बल के साथ मूसानगर पुलिस ने फत्तेपुर, गौसगंज, पुलंदर, जरसेन आदि गांवों में पैदल मार्च किया।



बूथ पर मतदाता सूची का अवलोकन करते लोगों से बात करते डीएम आलोक सिंह।

### डीएम ने बूथ पर जाकर देखी मतदाता सूची

**कानपुर देहात।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन पर 9 व 10 मार्च को मतदाता सूची पढ़कर आम पब्लिक को सुनाए जाने के के क्रम में डीएम आलोक सिंह अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के मिलकिनपुरवा में बने मतदान बूथ पर पहुंचे। जहां उन्होंने मतदाता सूची का अवलोकन किया गया और मतदाताओं को पढ़कर मतदाता सूची से अवगत कराया गया। इस मौके पर सदर एसडीएम व मतदाता आदि उपस्थित रहे।

### अकबरपुर कोतवाली में डीएम-एसपी ने की सुनवाई

**कानपुर देहात।** थाना समाधान दिवस पर डीएम व एसपी ने अकबरपुर कोतवाली में जन सुनवाई की। इसी तरह अन्य थानों में भी शिकायतों को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए गए। शनिवार को डीएम आलोक सिंह व एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने अकबरपुर कोतवाली में जन-सुनवाई करते हुए आए हुए फरियादियों को बारी-बारी से सुना। उन्होंने समस्याओं के विधिक, नियमानुसार व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

### महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में हुए भंडारे

**मूसानगर।** कस्बे के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। गजनेर रोड स्थित ओम श्रीमनकामनेश्वर मंदिर में विशाल भंडारे में लोगों ने प्रसाद छका। कार्यक्रम आयोजन में जयविजय सिंह, पंकज सविता, प्रदीप यादव, अंकित सिंह, सीता कुशवाहा, श्रीराम कुशवाहा, रामू कुशवाहा, रानी कुशवाहा, मीरा सविता, किशन यादव, योगेंद्र सिंह, कृष्ण आर्य, भूपेंद्र सिंह, शैलेंद्र सिंह राजावत आदि उपस्थित रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### विद्युत पोल तोड़ खाई में घुसा डंपर

**मंगलपुर।** सिकंदरा-झींझक रोड पर जौरवा गांव के पास तेज रफ्तार डंपर एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में 11 हजार लाइन का विद्युत पोल तोड़ते हुए खाई में जा घुसा। ग्रामीणों ने डंपर में फंसे चालक आलोक को बाहर निकाला। हादसे में चालक को मामूली चोट आई। उसे अस्पताल ले जाया गया। बिजली का पोल टूटने से मंगलपुर सब डिवीजन से जुड़े 12 गांवों की विद्युत सप्लाई बाधित हो गई है। इस बावत संदलपुर जेई आरएस वर्मा ने बताया कि विद्युत सप्लाई रविवार सुबह तक सुचारू हो पाएगी।

### हेलमेट न लगाने पर दो बाइक चालकों का चालान

**राजपुर।** एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन पर चलाए जा रहे सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान शनिवार को देर शाम शाहजहांपुर कस्बे में सट्टी थानाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने फोर्स के साथ पैदल गस्त किया। उन्होंने सड़क किनारे अतिक्रमण कारियों को अतिक्रमण हटाने को कहा। वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट के चलने वाले बाइक चालकों को हिदायत दी गई। उन्हें बताया गया कि वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। शराब पीकर वाहन न चलाएं।

### अवैध खनन करते जेसीबी पकड़ी, केस दर्ज

**रूरा।** भिखनापुर रोड पर कुरियनपुरवा गांव के पास बंबा पटरी पर कई दिनों से रात में अवैध खनन जोरों पर चल रहा था। रात करीब 11 बजे नायब तहसीलदार को सूचना प्राप्त हुई। उनके निर्देश पर लेखपाल ने मौके पर जाकर जेसीबी को अवैध खनन करते हुए पकड़ लिया। जबकि मौके से दो ट्रैक्टर फरार हो गए। नायब तहसीलदार रविंद्र मिश्रा ने बताया कि जेसीबी को थाना रूरा पुलिस के सुपुर्द किया। जेसीबी चालक के खिलाफ तहरीर भी दी।

# वेटलैंड इटैली व मघई में जलकुंभी की कराएं सफाई

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह ने बैठक की। डीएफओ एके द्विवेदी ने बताया कि कुछ विभागों ने पौधरोपण चेकिंग रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गयी है। जिसपर डीएम ने संबधित विभागों को वर्ष 2023 में कराए गए पौधरोपण की क्रास चेकिंग रिपोर्ट प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय में एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित पौधरोपण लक्ष्य की कार्य योजना संबंधित विभागों डीएफओ कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा। सबसे बड़े वेटलैंड इटैली व मघई में जलकुंभी की साफ-सफाई अति शीघ्र कराएं। तालाबों के किनारे पौधरोपण कराने पर वरीयता दी जाए। इस मौके पर एडीएम प्रशासन अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिदिन भेजें वसूली की रिपोर्ट: डीएम

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेत्तर व राजस्व कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न हुई। डीएम ने ने व्यापार कर, परिवहन, विद्युत, जीएसटी, खनन, राजस्व, स्टांप, सिंचाई, मंडी आदि की लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

शनिवार को डीएम आलोक सिंह ने कहा कि सभी विभाग लक्ष्य की प्राप्ति हर हाल में करें। तहसील स्तर पर समन्वय स्थापित कर कार्य योजना तैयार करते हुए वसूली में तेजी लाई जाए। इसके बाद डीएम ने राजस्व कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसीलवार भू-राजस्व वसूली की प्रगति को देखा। कहा कि भू-राजस्व वसूली के कार्य में तेजी लाई जाए और प्रतिदिन वसूली की रिपोर्ट भेजी जाए। लंबित वादों की समीक्षा करते हुए डीएम ने कहा कि सभी अपने-अपने कोर्ट के अंतर्गत पुराने लंबित वादों के निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इसके अतिरिक्त बड़े बकायदाओं की सूची, आरसी की समीक्षा, बेदखली आदि के संबंध में विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कहा कि आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयवद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने ई-खसरा पड़ताल, फसल क्रॉप कटिंग, किसान सम्मान निधि के सत्यापन को शत प्रतिशत पूर्ण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम आलोक सिंह।

● डीएम ने की कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा, दिए कई निर्देश

# बीस हजार का इनामिया असलहा समेत गिरफ्तार

संवाददाता पुखरायां

● पिछले साल अगस्त में महिला की डंडा मारने से हुई थी मौत

**अमृत विचार।** भोगनीपुर कोतवाली पुलिस ने प्राणघातक चोट के मामले में फरार चल रहे वांछित को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया। उसपर बीस हजार रुपये का इनाम था।



कल्लू।

भोगनीपुर कोतवाली के उपनिरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के रनियां निवासी कल्लू उर्फ जितेंद्र पुत्र पतरावल प्राणघातक चोट समेत अन्य धाराओं में वांछित चल रहा था। जिसकी पुलिस को काफी समय से तलाश थी। वह पुलिस बल के साथ गश्त पर थे। तभी उन्हें सूचना मिली कि कल्लू कहीं भागने की फिराक में बिदखुरी मोड़ के पास खड़ा है। उन्होंने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर छापेमारी करते हुए वांछित कल्लू को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 315 बोर का तमंचा व दो कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि 28 अगस्त 2023 को उसका पत्नी आयुषी कुशवाहा से विवाद हो रहा था। जिसे देख गांव की निर्मला देवी पत्नी को बचाने आई थीं। डंडा मारा जो निर्मला देवी के लग गया था और वह घायल हुई और बाद में मौत हुई।

# व्यापारी के घर से दो लाख की नकदी-जेवरात चोरी

संवाददाता, कानपुर देहात

● पुलिस ने घटना को संदिग्ध बता शुरू की छानबीन

**अमृत विचार।** थान हमीरपुर गांव में गल्ला व्यापारी के घर में छत के रास्तेघुसे चोरों ने चाबी से अलमारी खोलकर करीब दो लाख रुपये व जेवरात पार कर दिए। सुबह जागने पर पीड़ित ने सूचना चौकी इंचार्ज तिस्ती को दी है। थाना प्रभारी ने मामले को संदिग्ध बताया है।

थान हमीरपुर निवासी अखिल प्रताप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार रात वह कमरे के बाहर लेटा हुआ था। तभी छत के रास्ते से उतरे चोर कमरे में घुस गए और चाबी से अलमारी का ताला खोलकर उसमें रखे एक लाख 82 हजार रुपये व अन्य जेवरात चोरी कर ले गए। उसका भाई अनूप सिंह, मां मनोरमा के साथ महाशिवरात्रि पर्व के कारण मधु पुल स्थित ब्रह्मदेव बाबा मंदिर में शिव जी का रुद्राभिषेक करने गया था। दोनों भाई किसानों से गल्ला खरीदने और बाजार में बेचने का काम करते हैं। शनिवार सुबह उसने सूचना तिस्ती चौकी इंचार्ज को दी। सूचना पाकर गए चौकी इंचार्ज अरविंद तिवारी ने मामले की जांच की है और घटना को संदिग्ध बताया है। इस संबंध में थाना प्रभारी मुकेश कुमार सोलंकी ने बताया कि चोरी की घटना पूर्णतया संदिग्ध है। चोरों ने चाबी से अलमारी खोली और रुपये-जेवरात लेकर चले गए।

# विवाहिता ने घर में फंदा लगा दी जान

**कानपुर देहात।** बिरिया गढ़ेवा गांव में शुक्रवार रात विवाहिता ने साड़ी से फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली।

तरगांव घाटमपुर निवासी कामता प्रसाद ने बताया कि उसकी उसकी बहन प्रीती देवी (23) का विवाह रसूलाबाद के बिरिया गढ़ेवा निवासी दीपू उर्फ शैलेंद्र के साथ हुआ था। उसकी बहन ने एक बेटी को जन्म दिया था। ससुर भजनलाल ने बहन की तबियत खराब होने की फोन पर शुक्रवार रात सूचना देकर उसे बुलाया था। सुबह बहन की आत्महत्या की बात बताई गई। वह बिरिया गढ़ेवा आया। जहां उसकी बहन का शव फंदे से लटका मिला। कामता प्रसाद ने बताया कि बहन का यह दूसरा विवाह था। पहले विवाह का एक लड़का कार्तिक है। नायब तहसीलदार अभिनय चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मौके पर गए।

# सिकंदरा-बैजामऊ मार्ग पर गड्ढे

संवाददाता सिकंदरा

**अमृत विचार।** बालू लदे ओवरलोड़ वाहनों की अवाजाही से सिकंदरा से बैजामऊ तक करीब बारह किलोमीटर लंबा संपर्क मार्ग टूटकर भारी भरकम गड्ढों में तब्दील हो गया है। राहगीरों को आवागमन करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि सिकंदरा तहसील क्षेत्र के बिछावली व बैजामऊ में बालू घाटों का संचालन किया जाता है। फिलहाल दोनों घाट तो बंद हैं, लेकिन पूर्व में डंप बालू को वाहनों में ओवरलोड भरकर वाहन दौड़ते रहते हैं। जिससे करीब बारह किलोमीटर तक संपर्क मार्ग गड्ढों में तब्दील हो गया है। वहीं आमजन के लिए बनाए गए डामरीकरण मार्ग के गड्ढों में तब्दील होने से मार्ग दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई हैं। लोगों का आरोप है कि खनन, परिवहन विभाग व अन्य जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते सरेआम ओवरलोड वाहनों का संचालन किया जा रहा है। जो हादसों का कारण भी बनता नजर आ रहा है। जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार गड्ढा मुक्त सुगम मार्ग उपलब्ध कराए जाने की बात कई बार कर चुकी है। ऊंमरपुर गांव निवासी ग्रामीण रामकुमार तिवारी आदि ने बताया कि इस रोड से ज्यादा गड्ढे कहीं नहीं होंगे।



ओवरलोड वाहनों के आवागमन से सिकंदरा-बैजामऊ मार्ग पर हुए गड्ढे में जलभराव।

● बालू लदे ओवरलोड ट्रक और डंपर बन रहे मुसीबत

**जताई खुशी** | महंगाई की मार से जूझ रहे आम आदमी को 100 रुपये घटाने जाने से मिली राहत

# सिलिंडर के दाम कम होने पर महिलाएं खुश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

● महिला दिवस पर घरेलू सिलिंडर के दाम कम हुए

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घरेलू रसोई गैस सिलिंडर पर सौ रुपये कम करने की घोषणा महिलाओं को काफी रास आई है। इससे महंगाई की मार से जूझ रहे आम आदमी को बड़ी राहत मिलेगी।

प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद खासतौर पर गृहणियां काफी खुश नजर आ रही हैं। उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। पर्व के समय होने वाले खर्च के बीच यह राहत महिलाओं के लिए बड़ा उपहार स्वरूप माना जा रहा है। गैस सिलिंडर के दाम में सौ रुपये की कमीं किए जाने से बड़ी राहत मिली है। हालाकि सरकार अब तक लगातार गैस का दाम बढ़ाती आ रही थी। जिससे घर का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया था और उनके लिए इसे संभालना कठिन हो गया था। लेकिन सरकार ने अब गैस सिलेंडर में सौ रुपये की कटौती कर बड़ी राहत दी है। यह उनके लिए किसी उपहार से कम नही है। महिलाओं का कहना है कि रसोई गैस के दाम बढ़ने से घर का बजट पूरी तरह से बिगड़ा हुआ था और उन्हें परेशानी हो रही थी। उम्मीद थी कि कम से कम पांच सौ रुपये कम होंगे। जिससे काफी सहूलियत मिलती। लेकिन सौ रुपये कम होने से भी होली पर्व पर राहत मिलेगी।



दिनों दिन बढ़ती महंगाई के दौर में गैस सिलिंडर का दाम कम करना सरकार की एक सार्थक पहल है। इधर लगातार सिलिंडर के दाम में बढ़ोतरी हो रही थी। अब सिलिंडर का दाम कम होने से घरेलू बजट पर सकारात्मक असर पड़ेगा।- **विनीता सविता गृहणीं**



पहले सरकार गैस सिलिंडर पर सब्सिडी भी देती थी। लेकिन फिर दाम बढ़ाने के साथ उसे भी बंद कर दिया गया। जिससे गरीब आदमी के लिए सिलिंडर की खरीद करना मुश्किल हो गया था। लेकिन अब सौ रुपये की कटौती कर सरकार ने अच्छा कदम उठाया है। **-डॉ. मीरा तिवारी**



इस तरह की राहत वाली उम्मीद लंबे समय से कर रही थी। लेकिन बार-बार गैस के दाम कम होने की बजाए बढ़ते ही जा रहे थे। जिसके चलते घर का बजट संभालना मुश्किल हो गया था। लेकिन अब सरकार ने देर से ही सही, लेकिन एक अच्छा फैसला लिया है। **-मीरा सविता गृहणीं**



बढ़ती महंगाई के लंबे समय बाद यह एक अच्छी खबर आई है। इससे होली पर्व का आनंद दोगुना होगा। एलपीजी गैस के दाम बढ़ने से काफी ज्यादा परेशानी में थे। देर से ही सही लेकिन सरकार ने सराहनीय पहल की है।

**-सीता कुशवाहा गृहणीं**

# 1.96 लाख वाद निस्तारित किए गए

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जनपद न्यायालय माती में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। तहसीलों समेत कुल 196317 वाद निस्तारित कि गए। जबकि 11 करोड़ रुपये से अधिक धनराशि अर्थदंड के रूप में वसूल की गई व क्षतिपूर्ति दिलाई गई।

शनिवार को जनपद न्यायाधीश जय प्रकाश तिवारी व अपर जिला जज हिमांशु कुमार सिंह ने माती न्यायालय के पोर्टिगो में मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप-प्रज्ज्वलन कर राष्ट्रीय लोक अदालत एवं आर्बिट्रेशन की विशेष लोक अदालत का शुभारंभ किया। जनपद न्यायाधीश की अदालत में एक वाद का निस्तारण कर 1,85,815 रुपये वसूला गया। प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय की अदालत में कुल 61 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण की अदालत में 57 वादों का निस्तारण कर 3,80,85,00 रुपये की क्षतिपूर्ति प्रदान की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक विवादों से सम्बन्धित घरेलू हिंसा, व्यावहारिक वाद, उत्तराधिकार वाद, राजस्व वाद तथा लघु फौजदारी, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य लंबित वादों का निस्तारण करते हुए 196317 वाद निस्तारित किये गये तथा 11,04,34,620 अर्थदण्ड में वसूल की गयी।



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

● राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, 11 करोड़ रुपये से अधिक राशि वसूली गई

हेलो डाक्टर
कैंसर से सम्बन्धित समस्याओं के लिए सम्पर्क करें।
कैंसर के कारणों, निदान और उपचार के बारे में जानने के लिए नारायना मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च सेन्टर के कैंसर रोग विभाग के प्रो. डॉ. अवधेश कुमार दीक्षित (पूर्व प्राचार्य एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ) से करें सवाल।

दिनांक 11 मार्च दिन सोमवार समय दोपहर 12 से 02 बजे।
मो.नं: 9219805707

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# परीक्षाएं समाप्त, मूल्यांकन की तैयारी

## अंतिम दिन हाईस्कूल में उर्दू, इंटर में संस्कृत का प्रश्नपत्र, इस बार नहीं मिले नकलची

कार्यालय, संवाददाता फतेहपुर


परीक्षा देकर निकलतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 22 फरवरी से शुरू हुईं यूपी बोर्ड की हाईस्कूल, इंटरमीडियट की परीक्षाएं शनिवार को समाप्त हो गईं। पूरी परीक्षा में एक भी नकलची नहीं मिला और शांतिपूर्वक नकलविहीन परीक्षाएं समाप्त हो गईं। जिससे माध्यमिक शिक्षा विभाग ने राहत की सांस ली है। अब कापियों का मूल्यांकन कराए जाने की तैयारी शुरू हो गई है।

सम्भवतः जिले में चार कॉलेजों में कापियां जांची जाएंगी। इनमें दो कॉलेजों में हाईस्कूल और दो कॉलेजों में इंटर की कॉपियां जांची जाएंगी। मूल्यांकन का यह कार्य 16 मार्च से शुरू कर दिया जाएगा। इस साल यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू कराई गई थीं, जो 9 मार्च तक चलीं। इस दौरान दो पालियों में परीक्षाएं कराई गईं। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के कुल 67631 परीक्षार्थियों के लिए जिले के 117 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए थे, जिनकी निगरानी में परीक्षाएं कराई गईं। इसके साथ ही केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापकों ने नजर रखी। सचल दलों ने भी छापामारी की। इस साल शिक्षा विभाग के संयुक्त निदेशक ने एक दिन जिला में पहुंचकर परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। अब परीक्षार्थियों की निगाह भी रिजल्ट पर है। जिससे आगे की पढ़ाई के लिए स्कूल कॉलेज को चुनकर पसंद के कोर्स की तैयारी की जाए। इस बार एक भी नकलची जिले में नहीं पकड़ा गया है। जिससे विभाग समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

### पहली पाली में 56, दूसरी में 86 रहे गैरहाजिर

यूपी बोर्ड परीक्षा के अंतिम दिन शनिवार को प्रथम पाली में हाईस्कूल की उर्दू विषय की परीक्षा आयोजित हुई। जिसमें पंजीकृत कुल 565 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 20 ने परीक्षा छोड़ दी और 545 ने परीक्षा दी। इसी तरह से इसी पाली में इंटर की व्यवसायिक विषयों की परीक्षाओं में पंजीकृत 888 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 36 की अनुपस्थिति दर्ज की गई। वहीं दूसरी पाली में हाईस्कूल की कोई परीक्षा नहीं रही। इंटरमीडियट में संस्कृत विषय की परीक्षा में पंजीकृत 2109 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 86 गैरहाजिर रहे और शेष ने परीक्षा दी। अंतिम दिन भी सचल दल केंद्रों का निरीक्षण करते रहे लेकिन एक भी नकलची हाथ नहीं लगा। परीक्षा देकर केंद्रोंअ से बाहर निकले परीक्षार्थियों के चेहरों में खुशी नजर आई। इनका कहना रहा है सकुशल परीक्षा निपट गई अब परिणाम का इंतजार रहेगा।

### इन कॉलेजों में होगा मूल्यांकन

- राजकीय इंटर कालेज फतेहपुर
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज
- सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार

### 13 से होंगे छूटे प्रैक्टिकल

बोर्ड परीक्षार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षाएं पहले ही करा ली गई थीं। इसके बाद छूटे हुए परीक्षार्थियों की परीक्षाएं भी कराई गईं। इसके बाद भी जो परीक्षार्थी परीक्षा देने से वंचित रह गए हैं, उनको एक और मौका बोर्ड ने दिया है। अब उनकी प्रैक्टिकल परीक्षाएं 13 मार्च से कराई जाएंगी। छूटी हुई प्रैक्टिकल परीक्षाओं का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है।

## जेएसवाई का लाभ पाने के लिए भटक रहीं प्रसूताएं

**फतेहपुर।** स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। नवजात शिशु को जन्म देने के बाद प्रसूताएं प्रोत्साहन राशि के लिए अस्पताल व बैंक शाखाओं का चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए प्रसूताओं के लिए केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी जननी सुरक्षा योजना संचालित है। सैकडों प्रसूताओं को अभी तक जननी सुरक्षा योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिसमे कई प्रसूताएं इस योजना के लाभ से सालों से वंचित हैं। इस योजना के तहत संस्थागत अस्पताल में प्रसव होने पर ग्रामीण अंचलों की महिलाओं को 1400 तो शहरी क्षेत्र की महिलाओं को एक हजार रुपये लाभार्थी के बैंक खाते में दिए जाते हैं।

स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही के चलते ग्रामीण क्षेत्र की कई प्रसूताओं को कई माह बीतने के बाद भी राशि नहीं मिल पाई है। बच्चों को जन्म देने वाली महिलाएं सीएचसी और बैंक का चक्कर काट रही हैं। इसे लेकर प्रसूताओं में नाराजगी है।



निपुण बनने पर मिले सम्मान से गदगद प्रधानाध्यापक व अन्य। अमृत विचार

# 244 परिषदीय विद्यालय बने निपुण, प्रधानाध्यापक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- संबंधित बीईओ, एसआरजी समेत एआरपी का भी सम्मान
- निपुण प्रधानाध्यापकों को अधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

**अमृत विचार।** दोआबा के 244 परिषदीय विद्यालय निपुण श्रेणी में आ गए हैं। शनिवार को शहर के प्रेक्षागृह में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रमोद कुमार चंद्रौल की अध्यक्षता में निपुण विद्यालय सम्मान समारोह का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। जिसमें संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों समेत बीईओ आदि को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जनपद के 244 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक सहित एसआरजी जयचन्द पांडेय, राधेश्याम दीक्षित, प्रवीण शुक्ल, बीईओ देवमई जय सिंह, बीई हसवां आशीष कुमार, प्रणवीर सिंह, विजय द्विवेदी, अरविन्द कुमार, संदीप कुमार, प्रवीण कुमार, विवेक गुप्त, आशीष त्रिपाठी, आलोक कुमार एआरपी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। देवमई विकास खंड के सर्वाधिक विद्यालय निपुण होने में कुशल नेतृत्व देने वाले बीईओ प्रवीण शुक्ल एवं विनय मिश्र डायट मेंटर को भी सम्मानित किया गया। वहीं रंगोली आदि में सदैव सहयोग करने वाली टीम को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने निपुण विद्यालय के रूप में उभरे 244 विद्यालय को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए सतत उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन मीनू मिश्रा ने किया। इस मौके पर जिला समन्वयक प्रशिक्षण अशोक त्रिपाठी, अरुण मिश्र, एमएल वर्मा, अखिलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# गर्मी में बिजली की चोरी रोकने की तैयारी में विभाग

संवाददाता फतेहपुर

- मार्निंग व नाइट रेड के जरिए पकड़ी जाएगी चोरी

**अमृत विचार।** इस बार गर्मी में बिजली चोरी करना भूल जाइए। विभाग इसे रोकने के लिए तैयारी कर रहा है। मुख्यालय से इसका मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा। मार्च का महीना शुरू होते ही बिजली की खपत में इजाफा होने लगा है। मई और जून में खपत दोगुनी से अधिक होने का अनुमान है।

इस दौरान बिजली चोरी व लाइनलॉस की घटनाओं को रोकने के साथ ही व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अफसर तैयारी शुरू करेंगे। अभियंता, एसडीओ के अलावा बिजली विजलेंस भी लाइन लॉस कम करने व उपकरणों को बदलने के लिए काम शुरू करा चुके हैं। रिवैम्प के अलावा अनुरक्षण माह में भी इसके सुधार की तैयारी शुरू की है। अफसर कहते हैं कि जिन इलाकों में बिजली चोरी गर्मी के दिनों में अधिक होती, वहां सुधार के लिए टीमें गठित की जाएंगी। मॉर्निंग, नाइट रेड से पड़ताल कराकर लाइन लॉस कम करने के प्रयास होंगे। उपकेंद्रों में अभियंताओं के अलावा टीजी-2 व कर्मियों को भी इसका जिम्मा दिया जाएगा। इंजीनयर बताते है कि मुख्यालय पर ही मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा।



## भार बढ़ने पर जलते हैं ट्रांसफार्मर

**फतेहपुर।** गर्मी शुरू होते ही घरों मे कूलर, पंखे और एसी चलना शुरू हो जाते हैं। जिसका सीधा असर ट्रांसफार्मरों पर पड़ने लगता है। भार अधिक होने के कारण बिजली विभाग को लाइनलॉस की समस्या से रूबरू होना पड़ता है।

अब अफसर राजस्व बढ़ाने, मरम्मत के कार्य कराने, एवीआर, गर्मियों में भार की क्षमता के साथ ही कार्यो की समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही बिजली चोरी और लाइनलॉस को रोकने के लिए रूपरेखा तैयार की जाएगी।

# महर्षि बगिया में हुआ रुद्राभिषेक

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विश्व कल्याण के लिए शहर के महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंड्री स्कूल में रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। महर्षि आश्रम अरैल प्रयागराज से संबद्ध शाड स्थित शंकराचार्य मठ से आये वैदिक आचार्यों प्रवीण कुमार तिवारी, अभिषेक पाठक, आशीष द्विवेदी, विष्णु तिवारी व पंडित संजय शर्मा ने स्वस्तिवाचन व वैदिक मंत्रों से पूजन संपन्न् कराया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी मुख्य यजमान के रूप में वैदिक विधि विधान से पूजन किया। शिव भक्त अपने आराध्य का व्रत कर उनके आशीर्वाद की कामना करते है। कार्यक्रम महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के अध्यक्ष वेद विद्या मार्तण्ड, महर्षि महेश योगी जी के तपोनिष्ठ शिष्य ब्रह्मचारी गिरीश के संकल्पानुसार संपन्न हुआ।


रुद्राभिषक करते विद्यालय परिवार के सदस्य।

- धार्मिक अनुष्ठान में की गई विश्वशांति की कामना

वहीं सहस्त्र शीर्षा पुरुषा मंडल के भूतपूर्व अध्यक्ष विद्या भूषण तिवारी व सहस्त्र शीर्षा देवी मंडल की पूर्व अध्यक्षा जागृति तिवारी भी उपस्थित रहीं। पूरा विद्यालय परिसर वेद मंत्रों की ध्वनि से गुंजित व समिधा से सुवासित रहा।

# शराब पीने से मना करने पर खुद को मारी थी गोली

फालोअप

संवाददाता, किशनपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार शाम युवक द्वारा खुद को गोली मार लेने का कारण निकलकर सामने आया है। पत्नी के शराब पीने से मना करने पर आवेश में आकर युवक ने खुद को गोली मार ली थी जिससे उसकी मौत हो गई। शुक्रवार शाम हुई घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

किशनपुर थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के रहने वाले सुखराज पासवान का पुत्र मोहन पासवान शुक्रवार की देर शाम घर शराब पीकर पहुंचा था तो पत्नी ने समझाने का प्रयास किया था। पत्नी के द्वारा समझाने पर पति मोहन ने गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी थी। मारपीट के दौरान घर के अन्य लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया था। घर के सभी लोग खाना खाने के बाद सोने चले गए। इसी बीच मोहन ने तमंचा से सिर पर गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। गोली की आवाज सुनकर परिजन जब मौके पर पहुंचे तो खून से लथपथ मोहन का शव पड़ा था।

थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि एक युवक ने तमंचा से गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने बताया है कि मृतक शराब पीने का आदी था।

# गरीबों की थाली से दूर हुईं सब्जियां

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- दाल के बाद सब्जियों के दामों में आया उछाल

**अमृत विचार।** दाल के बाद अब सब्जियों के दाम इस समय आसमान पर हैं। जिससे आने वाले त्योहार पर मेहमान नवाजी करने के लिए लोगों को अपनी जेबे और ढीली करनी पड़ेगी। भिंडी, तरोई के भाव सुनकर लोगों के होश उड़ जाते हैं, क्योंकि इन सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। वहीं अन्य सब्जियों के भी दाम बढ़े हुए हैं। जिससे गरीबों की थाली से सब्जियां भी दूर होती जा रही हैं। बढ़ती महंगाई के कारण गृहणियों का बजट गड़बड़ा रहा है।

गर्मी के मौसम में आने वाली सब्जियों के दाम भी बढ़ने लगे हैं। जिससे लोगों के घरों का बजट बिगड़ गया है। सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि बाहर की मंडी से सब्जियां मंगाई जा रही है। बारिश होने से सब्जियों के दाम आसमान छूने लगे हैं।


दुकान में सजी सब्जियां।

### सब्जियों की कीमतें इस प्रकार हैं

- आलू -20 रुपये
- टमाटर -40 रुपये
- मटर -50 रुपये
- हरी मिर्च -100 रुपये
- अदरक -160 रुपये
- तरोई -80 रुपये
- लौकी -40 रुपये
- करेला - 100 रुपये
- परवल -200 रुपये
- घुइयां -120 रुपये

नोट-दाम प्रति क्रिग्रा के हैं।

### आलू ने भी तरेरी आंख

सब्जी विक्रेता बताते हैं कि अभी आलू का भाव 20 रुपये किलो है, होली में चिप्स बनेंगे, आलू कोल्ड स्टोर जा रहा है। जिससे अब 30 से 40 रुपये किलो बिक सकता है। इस बार दैवीय आपदा से किसानों की आलू फसलों को भी नुकसान पहुंचा है, जिसका असर बाजार भाव में पड़ रहा है।

## रिटायर्ड फौजी की लाइसेंसी बंदूक समेत नगदी चोरी

**फतेहपुर।** सेवानिवृत्त फौजी के घर का ताला तोड़कर चोर लाइसेंसी बंदूक व पांच लाख के जेवरात चुरा ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। ललौली थाने के शिवरी गांव निवासी रणधीर सिंह सेवानिवृत्त फौजी हैं। वह पत्नी विमला देवी के साथ मदुरी गांव गए थे। शिवरी गांव में ही बेटे रामदेव सिंह अलग घर में रहता है। गुरुवार को घर के पास पहुंचे बेटे ने घर का ताला टूटा देखकर चोरी की सूचना दी।

रणधीर सिंह ने बताया कि चोर डेढ़ किलो चांदी, साढ़े तीन लाख कीमत के सोने के जेवरात व लाइसेंसी बंदूक चुरा ले गए हैं। फौजी ने गांव के कल्लू पर शक जताया है। प्रभारी निरीक्षक तारकेश्वर राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नहर में डूबे युवक का शव 40 घंटे बाद मिला

संवाददाता बिंदकी

- कोतवाली क्षेत्र के मेउना गांव का मामला, परिजनों में कोहराम

**अमृत विचार।** नहर में डूबे युवक का शव 40 घंटे बाद मिल गया। शव के मिलते परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर भारी भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कोतवाली क्षेत्र के मेउना गांव में गुरुवार की देर शाम नहर किनारे बैठा ज्ञान पुत्र मन्ना निवासी मेउना कोतवाली बिंदकी असंतुलित होकर नहर में गिर गया था। इसके बाद से सरकंडी चौकी इंचार्ज उप0निरीक्षक सरनाम सिंह पुलिस बल के साथ ग्रामीणों की मदद से लगातार खोजबीन कर रहे थे, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल पा रहा था। यहां तक कि पुलिस ने गांव से करीब 10 किलोमीटर दूर ललौली थाना क्षेत्र तक नहर में खोजबीन की लेकिन कोई पता नहीं चल रहा था।

वहीं युवक को खोजने के लिए स्थानीय गोताखोर नहर में जाल डालकर भी प्रयास कर रहे थे। इधर शनिवार को करीब 11 बजे यानी लगभग 40 घंटे बाद युवक का शव डूबे हुए स्थान से कुछ दूरी पर ही मिल गया। शव मिलते ही मौके पर भारी भीड़ लग गई। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा रहा। सरकंडी चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक सरनाम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## सार-संक्षेप

### चाट के ठेले में कार ने मारी टक्कर, चाट विक्रेता की मौत

**गाजीपुर।** तेज रफ्तार कार एक चाट के ठेले को टक्कर मारते हुए पलट गई। हादसे में चाट विक्रेता समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डाक्टर ने चाट विक्रेता को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। गाजीपुर थाना क्षेत्र के खनसेनपुर गांव निवासी नंदकिशोर उर्फ चन्द्र किशोर अपने दरवाजे पर चाट का ठेला लगाता है। शनिवार को भी वह दरवाजे पर ठेला लगाए था। इसी दौरान औगासी की तरफ से आई तेज रफ्तार कार ने चाट के ठेले पर टक्कर मार दी। हादसे में नंदकिशोर के साथ उसके चाचा रामविलास और चाट खा रहे सेवरामऊ निवासी सुखराम गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल नंदकिशोर को गाजीपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception,
RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

मनमानी

निर्देशों के बावजूद महाशिवरात्रि पर जनपद का कोई भी पशु चिकित्सक अस्पताल में नहीं रहा मौजूद

# डॉक्टर गायब, गोशाला-अस्पताल रहते राम भरोसे

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** आवश्यक सेवाओं के तहत आने वाले पशु अस्पतालों में बीते शुक्रवार को बिना अवकाश के ही जिले से लेकर क्षेत्र के पशु अस्पतालों में वीओ और डिप्टी वीओ नदारत रहे। जबकि पशु अस्पताल खुले रहने चाहिए, यह पहला अवसर नहीं जब आवश्यक सेवाओं को प्रभावित किया गया हो।

प्रदेश सरकार के निर्देशों के अनुसार स्वास्थ्य सेवाओं के तहत छुट्टी वाले दिन भी अस्पताल में पशु चिकित्सकों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। वहीं शासन के निर्देशानुसार प्रति दिन पशु चिकित्सक द्वारा गोशालाओं के पशुओं का रूटीन स्वास्थ्य चेकअप करना अनिवार्य किया गया है। इसके बावजूद शुक्रवार को महाशिवरात्रि पर्व पर जनपद का कोई भी पशु चिकित्सक अस्पताल में उपस्थित नहीं रहा और सभी छुट्टी मनाते रहे।

पशु चिकित्सा सेवाओं को लेकर पहले से ही जनपद में कोई अच्छे हालात नहीं रहे। सेवाओं के प्रति पशु चिकित्सा अधिकारियों की उदासीनता की ही वजह है कि समूचे जनपद में झोलाछाप पशु चिकित्सकों की बाढ़ आई हुई है। सूत्रों की मानें तो ये झोलाछाप चिकित्सक इन्ही राजकीय पशु चिकित्सालयों की देन हैं। जिनके चिकित्सक अपने काम से बचने के लिए इन्हें प्रोत्साहित करते हैं।



बिंदकी के पशु अस्पताल में पसरा सन्नाटा।

### तीन अस्पतालों में है तैनाती

जिले के तीन पशु अस्पतालों में उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी तैनात किए गए हैं। बिंदकी अस्पताल में डॉ. महेंद्र प्रताप राठौर, खागा में डॉ. अविनाश चंद्र कमल तथा सदर में महेंद्र प्रताप की तैनाती है। सभी अस्पताल की सरकारी सेवाओं से नदारद रहे। पशु चिकित्सालय की सेवाएं चतुर्थ कर्मचारी या अन्य के भरोसे चली। जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाह दिखे। सरकारी सेवाओं की बात करें तो शुक्रवार को पशु चिकित्सक की कुर्सी खाली मिली।

### जिले में 36 पशु अस्पताल

जिले में पशु चिकित्सालय की संख्या 36 है। जिसमें तीन अस्पताल में डिप्टी उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी की तैनाती की गई। अन्य अस्पतालों में पशु चिकित्सक तैनात हैं। शुक्रवार को सरकारी अस्पताल में चिकित्सक के नदारत रहने से पशुपालक परेशान रहे। कुछ इसी तरह का हाल गोशालाओं का रहा जहां पशु चिकित्सक पशुओं का रुटीन निरीक्षण करने पशु चिकित्सक नहीं पहुंचे।

> महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अवकाश घोषित था लेकिन पशु चिकित्सकों को क्षेत्र व सरकारी अस्पताल में अवकाश में भी रहने के निर्देश दिए गए थे।
>
> -डा. नवल किशोर, सीबीओ।

## जेई और लाइनमैन पर गैरइरादतन हत्या की रिपोर्ट

**फतेहपुर।** कई माह पूर्व बिगड़ी लाइन ठीक करते समय करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई थी। मजदूर की पत्नी ने बिजली विभाग के जेई, लाइनमैन के खिलाफ शिकायत की थी। पुलिस ने मामले में गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

मलवां थाना क्षेत्र के झाउमेदनीपुर निवासी दीपिका ने बताया कि पति संदीप विद्युत उपकेंद्र मलवां में मजदूरी का काम करते थे। विद्युत लाइन उपकेंद्र के अवर अभियंता सुंदरम यादव, लाइनमैन रितिक कुमार के कहने पर 21 जुलाई 2023 को वह करसवा में लाइन ठीक करने गया था। शटडाउन के बावजूद अवर अभियंता व लाइनमैन ने लापरवाही से अचानक विद्युत लाइन चालू कर दी थी। जिससे उसके पति की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# रेफरल सेंटर बन गए स्वास्थ्य केंद्र सामान्य मरीज भी कर रहे रेफर

## रोजाना 50 से अधिक मरीजों को रेफर कर भेजा जा रहा जिला अस्पताल

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** सीएचसी और पीएचसी में इलाज की सभी सुविधाएं होने के बाद भी ये रेफरल सेंटर बन कर रह गए हैं। हादसों के घायलों को तुरंत रेफर कर दिया जाता है। ऐसे में जिला अस्पताल पर बोझ बढ़ रहा है।

जिले में 10 ब्लॉक स्तरीय सीएचसी और आधा सैकड़ा पीएचसी व न्यू पीएचसी हैं। इनमें इलाज के लिए जरूरी संसाधन हैं। बेहतर इलाज देने की बात कहकर मरीजों को जिला अस्पताल भेजा जा रहा है। रोज औसतन 50 मरीजों को रेफर किया जा रहा है। इनमें ओपीडी मरीजों के साथ सामान्य घायल भी शामिल हैं। दो माह में 1500 मरीजों को जिला अस्पताल भेजा गया है। ज्यादातर की हालत गंभीर नहीं थी। रेफर मरीजों की वजह से जरूरतमंदों का इलाज होने में समस्या आती है।



जिला अस्पताल फतेहपुर। अमृत विचार

### रात को नींद में नहीं चाहते कोई खलल

मरीजों को देर रात रेफर किया जाता है। रात के समय स्वास्थ्य कर्मी अपनी नींद में खलल नहीं चाहते हैं। जिला अस्पताल पर बोझ बढ़ने से दवा का स्टॉक तेजी से खत्म होता है। स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं एक्सपायर हो जाती हैं। कई बार मरीजों को बेड नहीं मिल पाते हैं। कभी कभार एक बेड पर दो-दो मरीजों को उपचार देना पड़ जाता है।

### मरीजों को नहीं मिल पाती एंबुलेंस

सीएचसी-पीएचसी से रेफर मरीज एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचते हैं। इससे एंबुलेंस फंसी रहती है। जरूरतमंद को एंबुलेंस नहीं मिलती है। ऐसे में मरीज की जान पर बन जाती है।

- स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार कर रहे अनदेखी, मुख्यालय के अस्पताल पर बढ़ा बोझ

### स्टॉफ कम होने का बना रहे बहाना

स्वास्थ्य कर्मी स्टॉफ की कमी बताते हैं। सीएचसी में डॉक्टरों के पद खाली हैं। वहीं कुछ स्वास्थ्य केंद्रों में रात के समय डॉक्टर रुकते नहीं है। ऐसे में मरीजों को रेफर करना मजबूरी होती है।

सभी प्रभारियों को गंभीर मरीजों को रेफर करने के निर्देश हैं। इसके बाद भी किसी अस्पताल से सामान्य मरीजों को जिला अस्पताल भेजा जा रहा है तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

-डॉ. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ।

## सूने घर का ताला तोड़कर हुई चोरी

**थरियांव।** सूने पड़े घर को चोरों ने निशाना बना लिया। ताला तोड़कर घर में घुसे चोरों ने लाखों की जेवर व नगदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। वापस लौटने पर परिवार को घर में हुई चोर की जानकारी हो सकी। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। थरियांव थाना क्षेत्र के तलकापुर गांव निवासी सवानी लाल पासवान का पूरा परिवार दिल्ली में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। सवानी लाल की पत्नी विमला देवी ने बताया कि तीन महीने पहले पूरा परिवार दिल्ली चला गया था। परिवार में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वह शनिवार की सुबह गांव पहुंची तो देखा तो घर का ताला टूटा था और घर पर चोरी हो चुकी थी।

बताया की उसकी छोटी बहू के करीब डेढ़ लाख रुपये के जेवरात, 30 हजार रुपये की नगदी, पीतल के बर्तन चोरी हो गए। कमरे में खून के छीटें पड़े थे। आशंका जताई कि बक्से का ताला तोड़ते समय चोर को चोट लगी है, जिससे वहां खून फैला पड़ा था। जानकारी पर पहुंचे हल्का उपनिरीक्षक श्याम धनी निषाद ने बताया जल्दी ही चोरों को पकड़ेंगे।


जाम लगाए बैठे लोगों को समझाती पुलिस। अमृत विचार

## डंपर की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत

संवाददाता बहुआ

**अमृत विचार।** तेज रफ्तार डंपर चालक ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। युवक पर टायर चढ़ने से शरीर दो टुकड़े में बंट गया। स्कूटी टायर में फंसने से 70 मीटर तक चालक घसीटते हुए ले गया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर भाग गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बांदा-जसागर मार्ग को जाम कर दिया।

ललौली थाना क्षेत्र के मुतौर गांव के रहने वाले नफीस अहमद का 20 वर्षीय पुत्र रिजवान स्कूटी से बहुआ किसी काम से जा रहा था। वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी पेट्रोल पंप के पास बांदा की ओर से गिट्टी लेकर तेज रफ्तार में आ रहे डंफर ट्रक चालक ने पीछे से स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रिजवान सड़क पर गिर गया और टायर चढ़ने से रिजवान के शरीर के दो टुकड़े हो गए। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्कूटी टायर में फंसने से चालक 70 मीटर तक घसिटा और ट्रक को छोड़कर भाग गया। मृतक के परिजनों ने ग्रामीणों के साथ बांदा सागर मार्ग जाम किया।

## एसडीएम ने सुनी समस्याएं, पीड़ितों को मिली राहत

**बिंदकी फतेहपुर।** उप जिलाधिकारी ने शनिवार को थाना दिवस पर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कर्मचारियों तथा पुलिस से कहा कि फरियादियों की समस्याएं प्रमुखता से हल की जाएं, कोई फरियादी निराश होकर न लौटे।

कोतवाली परिसर नवागंतुक उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार से खजुहा कस्बे के बाग बादशाही निवासी अजय प्रकाश गुप्ता ने शिकायत की कि कुछ लोगों ने उनके प्लॉट से जबरन रास्ता निकाल कर अवैध कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम से पैमाइश करने की मांग की। वहीं कोतवाली बिंदकी के दुगरेई गांव निवासी छेद्दी देवी पत्नी शिव मंगल ने शिकायत की कि वह आबादी के जमीन में दो कमरे बनवाकर 35 वर्ष से रह रही है। मकान के सहन के दरवाजे की भूमि पर कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। नायब तहसीलदार रवि कुमार, नायब तहसीलदार प्रतिमा द्विवेदी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बूथों का एसडीएम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**धाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर उप जिलाधिकारी खागा ने संवेदनशील बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उपजिला अधिकारी ने महिला पोलिंग बूथ, वेबकास्टिंग होने वाले बूथ एवं क्रिटिकल बूथ का भ्रमण कर सामान्य सुविधाएं जैसे बिजली, पानी, शौचालय एवं रैंप का जायजा लिया और खामियों को दूर करने का आदेश दिया। मौके पर कानूनगो धर्मेश्वर, मनीष पासवान, मो. कलीम, उत्कर्ष जायसवाल, गुलाब सोनकर एवं सम्बंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 45 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर शनिवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 45 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वूसला है। वहीं 21 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### लक्ष्मी कालोनी में रामा पब्लिक स्कूल खुला

**फतेहपुर।** शहर के सिविल लाइन लक्ष्मी कॉलोनी पर स्थित रामा पब्लिक स्कूल का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक राहुल गुप्ता की पत्नी शिखा गुप्ता के द्वारा शुक्रवार को किया गया। स्कूल परिसर में पूजा अर्चना व हवन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। प्रधानाचार्य सुधीर तिवारी ने बताया कि यह स्कूल प्री नर्सरी क्लास से यूकेजी क्लास तक चलाया जा रहा है। इस मौके पर रामबाबू गुप्ता, नीरज गुप्ता, विशेष गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

### 31 तक आधार लिंक कराएं डाकघर के खाता धारक

**फतेहपुर।** डाकघर के खाताधारकों को अब आधार और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य होगा। आधार और मोबाइल नंबर के बिना नये खाते भी नहीं खोले जा सकेंगे। साथ ही समय सीमा के भीतर आधार और मोबाइल नंबर नहीं लिंक कराने पर खाता बंद हो जाएगा। छोटी बचत योजनाओं में निवेश के लिए आधार और मोबाइल नंबर को अनिवार्य कर दिया गया है। डाकघर में कोई खाता है और अभी तक आपने अपने खाते को आधार कार्ड से नहीं जोड़ा है, तो 31 मार्च तक यह जरूर कर लें।

## किशोर ने फांसी लगाई, हुई मौत

**बिदंकी।** एक युवक ने शुक्रवार देर शाम फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। चांदपुर थाना क्षेत्र के भगलापुर गांव निवासी अरविंद निषाद के पुत्र बीरू केवट ने शुक्रवार की देर शाम घर के अंदर पंखे में रस्सी का फंदा डाल फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी पर परिजनों में कोहराम मचा रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता अरविंद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर वह घर से सरसों चुराकर बेचने जा रहा था, गांव के ही युवक ने उसे डांटा-फटकारा था बाद में उसने घर में पता चलने के डर से फांसी लगा ली।

## 70 शिकायतें पहुंचीं, दो का मौके पर निस्तारण

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिले के सभी थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इसमें पुलिस और भूमि विवाद से जुड़े मामलों की सुनवाई हुई। पुलिस-प्रशासनिक अफसरों ने शिकायत सुनकर निस्तारण कराया। सुनवाई के दौरान सर्वाधिक जमीन से संबंधित मामले पहुंचे। अधिकारियों ने संबंधितों को शिकायती पत्रों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक और थानाध्यक्षों ने अपने-अपने थानों पर जनसमस्याओं को सुना। जहां पर राजस्व की अधिक शिकायतें प्राप्त हुई। तीनों तहसीलों के थानों में शनिवार को आयोजित हुए संपूर्ण थाना दिवस में पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए। उधर, बिंदकी परिसर में नवागंतुक उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार ने अधिकारियों की समस्याएं सुनी। थाना दिवस में खजुहा कस्बे के बाग बादशाही निवासी अजय प्रकाश गुप्ता ने शिकायत की कि कुछ लोगों ने उनके प्लाट से जबरन रास्ता निकाल कर अवैध कब्जा कर रहे हैं। पीड़ित ने पुलिस बल की मौजूदगी में राजस्व टीम से पैमाइश करने की मांग की अधिकारियों ने पीड़ित की समस्या सुनकर आश्वासन दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 70 शिकायतें आईं।

## 50 क्षय रोगियों को मंत्री ने दी पोषण किट

संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** क्षय रोग अस्पताल में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने 50 क्षय रोगियों को गोद लिया है। जिनको केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने पोषण किट का वितरण किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को टीबी मुक्त बनाने के लिए अभियान चलाया है। अभियान के तहत 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टीबी की बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है बल्कि समय से जांच कराकर इलाज कराने की जरूरत है। टीबी की पुष्टि जांच में होने के बाद सरकार हर माह 500 रुपये पीड़ित के खाते में छ माह तक भेजती है और छह माह तक निःशुल्क दवा देने का काम भी सरकार कर रही है। वर्तमान समय में टीबी मरीजों को पोषण और हाइजीन किट भी दिया जा रहा है। जो भी इन मरीजों को गोद लेकर पोषण किट देना चाहते हैं, वह लोग आगे आकर इस अभियान में साथ दें तभी भारत से टीबी की बीमारी को खत्म होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जबसे केंद्र और प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी है। तब से स्वास्थ्य विभाग को मजबूत करते हुए हर बीमारी का इलाज फतेहपुर जिले के लोगों को मिले इसके लिए मेडिकल कॉलेज बन गया है और जल्द ही चालू होगा। इंडियन रेडक्रास सोसायटी के संरक्षक डॉक्टर अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि संस्था की तरफ से 50 टीबी मरीजों को गोद लिया गया है। जिनकों केंद्रीय मंत्री के द्वारा पोषण किट दिया गया और अति गरीब परिवार की 50 महिलाओं को हाइजीन किट का वितरण किया गया है। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. शाहबुद्दीन, डॉ. अशोक गुप्ता, भक्तदास, चेतन, प्रवीण कुमार सहित तमाम लोग मौजूद रहे।


पोषण किट वितरित करतीं केंद्रीय मंत्री निरंजन ज्योति।। अमृत विचार

- 2030 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का अभियान


क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग।

## राष्ट्रीय अविष्कार क्विज में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** विकास खंड भिटौरा में राष्ट्रीय आविष्कार मिशन कार्यक्रम के तहत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

बीईओ भिटौरा डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि बदली हुई परिस्थितियों में आधुनिक तकनीक का सहारा लेकर बेहतर शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। क्विज प्रतियोगिता से छात्रों का बौद्धिक ज्ञान बढ़ता है और उनके अंदर आगे बढ़ने की क्षमता पैदा होती है। कार्यक्रम में पूरे ब्लॉक के प्रत्येक जूनियर हाईस्कूल से तमाम छात्रों ने प्रतिभाग किया। जिसमें टॉप टेन छात्रों को पुरस्कृत किया गया। एआरपी विष्णु प्रकाश मिश्र, राम प्रताप की देखरेख में आयोजन हुआ। अर्चना द्विवेदी, रमेश चंद्र, धर्मबीर, जगदीश कुमार यादव, आशीष श्रीवास्तव रहे।

## शिक्षक अधिवेशन पर सपा में मंथन

**खागा फतेहपुर।** वित्तविहीन शिक्षकों के अधिवेशन को लेकर खखरेरु नगर के नेशनल पब्लिक स्कूल में शनिवार को शिक्षकों की अहम बैठक हुई। जिसमें समाजवादी शिक्षक सभा की ओर से 10 मार्च को होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा की गई। सभा में मौजूद जिला अध्यक्ष महफूज खान ने कई बिंदुओं पर चर्चा की। अधिवेशन में वित्तविहीन शिक्षकों की सेवा नियमावली से लेकर वर्तमान में शिक्षकों को किस तरह का लाभ मिले, इस पर मंथन चला।

साथ ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिए गए निर्देश को पालन करने की बैठक में पूर्ण सहमति बनी। जिलाध्यक्ष महफूज खान ने वित्तविहीन शिक्षकों का अधिवेशन के बाबत बताया रविवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह संबोधित करेंगे।

## बूथ का हर कार्यकर्ता अमूल्य धरोहर होता

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अयाह-शाह विधानसभा के गाजीपुर कस्बे में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विधानसभा क्षेत्र के सभी बूथों के प्रमुखों के साथ शक्ति केंद्र व मंडल पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया। स्थानीय विधायक विकास गुप्ता ने कार्यकर्ताओं एवं अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव को जीतने में बूथ विजय मंत्र का विशेष योगदान रहता है। हमारे बूथ पर 50 फीसदी से अधिक वोटों पर मजबूत पकड़ रखनी चाहिए। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने अपने बूथों पर सम्पर्क, संवाद, समन्वय तथा सक्रियता से लगते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर लाभार्थियों से चर्चा करते रहना चाहिए।

वहीं केंद्रीय राज्यमंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने व देश में हो रहे विकास कार्यों की चर्चा की। आयोजक अयाह-शाह विधायक विकास गुप्ता ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं द्वारा हर चुनाव में अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा जाता रहा है, आने वाले चुनाव में फिर कार्यकर्ताओं द्वारा जीत की पटकथा लिखी जाएगी। उन्होंने गाजीपुर, असोथर व बहुआ मंडल अध्यक्षों व कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। पूर्व मंत्री राधेश्याम गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष व विधानसभा संयोजक प्रभुदत्त दीक्षित, शिवप्रसाद त्रिपाठी, पुष्पराज पटेल आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति ने राष्ट्रीय लोक अदालत का किया शुभारंभ

**फतेहपुर।** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रयागराज हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जौहरी ने लोक अदालत का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासनिक न्यायधीश ने की। न्यायमूर्ति नरेंद्र कुमार जौहरी ने कहा कि कोर्ट में बढ़ते मामले को लेकर और पेंडिंग केस को जल्द से जल्द निपटारा कराने के लिए छोटे-छोटे मामलों को लोक अदालत के माध्यम से हाल कराया जा रहा है। जिससे पीड़ित व्यक्ति को जल्द न्याय मिल सके। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अब पेंडिंग केसों का बहुत जल्द निस्तारण कराया जा रहा है। लोक अदालत की अध्यक्षता कर रहे न्यायाधीश रणजय कुमार वर्मा ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से बहुत से केस मौके पर खत्म हो रहे जैसे कि बैंक लोन, विद्युत विभाग के मामले और राजस्व सहित अन्य मामले भी हैं। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि लोक अदालत से उन गरीब परिवार के लोगों को सहूलियत मिल रही है। जो दूर दराज से न्यायालय आते हैं सालों तक मुकदमा चलता रहता है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुर्चुनी विकासखंड धाता- फतेहपुर**

पत्रांक मेंमो निविदा सूचना 23 -24 दिनांक 09.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भुर्चुनी विकासखंड -धाता- फतेहपुर द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आवंटित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12 दिसंबर 2023 से 20 दिसंबर 2023 तक निविदा सील बंद लिफाफे में जमा करें दिनांक 21 दिसंबर 2023 को प्रात: 11:00 बजे निविदा खोली जाएगी बाद में आने वाली निविदाओं पर विचार संभव नहीं होगा कार्य का नाम गौशाला के गेट से टीन शेड तक लगभग 80 मीव इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य

श्यामलाल- ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भुर्चुनी
विकासखंड धाता
जिला फतेहपुर

ज्ञानेंद्र सिंह- सचिव
ग्राम पंचायत भुर्चुनी
विकासखंड धाता
जिला फतेहपुर

## अमृत विचार खास

पांच सालों से प्रशिक्षण के नाम पर की जा रही खानापूर्ति, विभागीय लापरवाही से निष्क्रिय हैं गठित समितियां

# जल उपभोक्ता समितियों को नहीं मिले पंजीयन प्रमाण पत्र

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जल उपभोक्ता समितियों को सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने समिति पंजीकरण प्रमाण पत्र पांच साल का समय बीतने के बाद भी उपलब्ध नहीं कराया है। पेनटेन बैंक खाता, पासबुक, कैश बुक जो सबसे महत्वपूर्ण डाक्यूमेंट्स हैं, अभी तक समितियों को नहीं दिए गए हैं। यही कारण है कि गठित की गई जल उपभोक्ता समितियां निष्क्रिय हैं।

जल उपभोक्ता समितियों के पदाधिकारियों के मुताबिक माइनर व राजबहों में कितने कुलाबे वैध हैं, कितने हेक्टेयर की रबी खरीफ की फसलों में सिंचाई की गई है। कितने क्यूसेक पानी राजबहा या माइनर को दिया गया है, उसमें कितने पानी का फसलों में प्रयोग किया गया। सिंचाई की गई रबी व खरीफ की फसलों में कितना एमाउंट अल्पिका और राजबहे का सरकार से विभाग को मिला। यह सब जानकारी समितियों को मिलनी चाहिए थी लेकिन अभी तक समितियों को न उनके अधिकार बताए गए न ही बैठकों की जानकारी दी गई है। सरकार ने कई चरणों में समितियों के पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिलाया और अभी भी प्रशिक्षण का दौर चल रहा है।

### विभाग ही नहीं चाहता समितियां हों सक्रिय

सूत्रों का कहना है कि विभाग के अधिकारी नहीं चाहते कि समितियां सक्रिय हों। यदि जल उपभोक्ता समितियां सक्रिय हो गईं तो विभाग की कमाई में कमी आ जाएगी। विभाग को समितियों के प्रस्ताव के मुताबिक कार्य करना पड़ेगा। साथ ही नहरों की सिल्ट सफाई व कटान से होने वाली कमाई कम हो जाएगी। फर्जी कुलाबों के जरिये होने वाली कमाई भी प्रभावित होगी। किसानों की सहभागिता से जल प्रबंधन सिंचाई विभाग को शायद रास नहीं आ रहा है। समितियों के विकासशील होने पर सभी काम जल उपभोक्ता समितियों को करने का अधिकार मिल जाएगा।

### जल उपभोक्ता समितियों के कार्य

सहभागिता के आधार पर नहरों के रखरखाव व निगरानी के लिए सरकार द्वारा किसानों की सहभागिता से जल उपभोक्ता समितियों का गठन कराया गया था। किसानों की सामान्य सभा से कुलाबा समितियों का चयन और कुलाबा समितियों से अल्पिका समितियों का चयन और अल्पिका समितियों से राजबहा समितियों का गठन किया गया था। इन जल उपभोक्ता समितियों का काम नहरों के रखरखाव, सिल्ट सफाई, किसानों को पानी का बंटवारा, नालियों का रखरखाव, जल संचयन, पर्यावरण संरक्षण, नदियों के जल का संचयन सहित काम करना है।

### क्या कहते हैं समिति पदाधिकारी



जिले की एक सैकड़ा जल उपभोक्ता समितियों को सक्रिय करने के लिए डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की ओर अभियान चलाया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि अभी तक यहां की समितियां सक्रिय नहीं हैं और उनको अपने अधिकारों की जानकारी नहीं है। इसके लिए समितियों के पदाधिकारियों को सक्रिय होने के लिए सहायक अभियंता व अधिशाषी अभियंता से पत्राचार करना चाहिए।

-राजेश बाजपेई, को-आर्डीनेटर, डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया



सिंचाई विभाग की ओर से अभी तक किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी गई और न ही समिति की पंजीकरण प्रमाण पत्र ही दिया गया है। बैंक खाता पासबुक व चेकबुक जारी हुई है कि नहीं कोई जानकारी नहीं है।

-बलवान सिंह, अध्यक्ष जल उपभोक्ता समिति करनपुर माइनर अल्पिका।

### वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**फतेहपुर।** हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम अफोई के पास शुक्रवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई। प्रतापगढ़ जनपद के थाना मानिकपुर के गोतनी गांव निवासी चिरौंजीलाल का पुत्र सवित उर्फ राजा शुक्रवार की दोपहर बाइक से अपनी बुआ आशा देवी निवासी अफोई के यहां आया था। देर शाम वापस जाते समय जैसे ही वह गांव से कुछ दूर पहुंचा तभी तेज अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क हादसे में युवक घायल

**फतेहपुर।** असोथर थाना क्षेत्र के क्षेत्र के रामनगर कौंहन गांव निवासी गुलाब चंद्र का पुत्र सुभाष कुमार शनिवार सुबह बाइक से किसी काम से जा रहा था। जब वह बौंडर गांव के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भुर्चुनी विकास खण्ड धाता, फतेहपुर**

पत्रांक मेंमो निविदा सूचना 23 -24 दिनांक 09.03.2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भूरचूनी विकास खंड धाता- फतेहपुर द्वारा मनरेगा योजना अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य में सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा आवंटित की जाती है इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20 जनवरी 2024 से 30 जनवरी 2024 तक निविदा सील बंद लिफाफे में जमा करें दिनांक 1 फरवरी 2024 को प्रात: 11:00 बजे निदाएं खोली जाएगी बाद में आने वाली निविदाओं पर विचार संभव नहीं होगा कार्य का नाम गौशाला तालाब में रैंप निर्माण गौशाला परिसर में एंगल आईरन गेट फिक्स करना वह गेट निर्माण करना मतलब की

श्यामलाल- ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत भुर्चुनी
विकासखंड धाता
जिला फतेहपुर

ज्ञानेंद्र सिंह- सचिव
ग्राम पंचायत भुर्चुनी
विकासखंड धाता
जिला फतेहपुर

## एक नजर

### लावारिस हालत में बेहोश मिली वृद्धा

**कन्नौज।** महिला सुरक्षा समेत महिलाओं को जागरुक करने के लिये शहर में लगातार भ्रमण कर रही टीम को मकरंदनगर में एक बुजुर्ग महिला बेहोश पड़ी मिली। हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शनिवार की सुबह आठ बजे के बाद शक्ति मोबाइल पुलिस की कार भ्रमण कर रही थी। इसी दौरान जानकारी पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला अपना नाम पता कुछ भी बता नहीं पा रही है। देखरेख करने के लिये एक होमगार्ड को लगाया गया है।

### पारुल तालग्राम एसओ देवेश को विशुनगढ़ का चार्ज

**कन्नौज।** चुनाव से पहले कानून व्यवस्था को सुधारने के लिये एसपी अमित कुमार आनन्द ने विशुनगढ़ थानाध्यक्ष पारुल चौधरी को स्थानांतरित कर तालग्राम थानाध्यक्ष बनाया बनाया गया है। वहीं तालग्राम के निरीक्षक देवेश कुमार को विशुनगढ़ थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है।

# अब पैसेंजर ट्रेनों में पुराने किराये पर सफर

## ढाई साल बाद पूर्वोत्तर रेलवे ने बढ़ाया गया तीन गुना किराया वापस लिया, यात्रियों को मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


कन्नौज स्टेशन पर टिकट खरीदते यात्री। अमृत विचार

- कोरोना संकट काल में न्यूनतम किराया 10 से बढ़ कर 30 रुपये हो गया था
- प्रतिदिन दस हजार से अधिक यात्री करते हैं रेल से सफर अब उनको मिली खुशी

**अमृत विचार।** कोरोना संकट काल में बढ़ाया गया न्यूनतम किराया करीब ढाई साल बाद रेलवे ने कम कर दिया है। इससे कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर प्रतिदिन दस हजार से अधिक यात्रियों को राहत मिलेगी। रेलवे ने न्यूनतम किराया 30 रुपये के स्थान पर अब पहले की तरह ही दस रुपये कर दिया है। अब कन्नौज स्टेशन से मानीमऊ या जलालपुर पनवारा जाने के लिए 30 नहीं, केवल दस रुपये ही किराया देना होगा।

उत्तर रेलवे के बाद अब पूर्वोत्तर रेलवे ने भी यात्रियों को राहत दी है। कोरोना संकट काल में बढ़ाया गया न्यूनतम किराया कम कर दिया गया है। अब पैसेंजर ट्रेन में यात्रा करने के लिए यात्री पुराने किराये पर ही सफर कर सकेंगे। यानी एक्सप्रेस का किराया नहीं देना पड़ेगा। कोरोना काल में ट्रेनों के साथ सीटों पर यात्रियों की संख्या कम कर दी गई थी तो पैसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों का किराया एक कर दिया गया था। कोरोना समाप्त होने के बाद भी अभी तक यात्रियों से बढ़ा हुआ किराया ही लिया जाता रहा। पिछले माह जब उत्तर रेलवे ने किराया घटाया था तो लोगों को उम्मीद थी कि अब पूर्वोत्तर रेलवे भी किराया कम करेगा।

पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल बरेली की मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कानपुर-फर्रुखाबाद रेलखंड पर न्यूनतम किराया 30 रुपये से घटाकर 10 रुपये कर दिया है। इससे यात्रियों ने राहत की सांस ली है।

### टेंपो से अधिक था रेलवे का किराया

- पहले पैसेंजर ट्रेनों का किराया टेंपो से अधिक था। सरायमीरा से कोई व्यक्ति यदि मानीमऊ टेंपो से जाता तो उसे महज दस या 15 रुपये देने पड़ते हैं, लेकिन पैसेंजर ट्रेन का किराया 30 रुपये लगता था। इसी तरह कन्नौज सिटी स्टेशन तक रेलवे 30 रुपये लेता था, जबकि टेंपो या ई-रिक्शा केवल दस रुपये में सवारी को उतार देता है। किराया कम होने से कानपुर, रावतपुर, कल्यानपुर, मंधना, बर्राजपुर, बिल्हौर, अरौल, गंगवापुर जाने वाले यात्रियों को अब कम किराया देना होगा।

### शनिवार से ही कम किराए की दरें लागू



पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों ने आदेश जारी कर दिया है और कोरोना काल से पहले वाली किराया प्रणाली को लागू कर दिया गया है। इसके अनुसार अब दो स्टेशनों की बीच की दूरी का न्यूनतम किराया 30 रुपये के स्थान पर दस रुपये प्रति यात्री कर दिया गया है। यात्रियों को शनिवार से कम किराये की टिकट दी जा रही है।

राजकुमार वर्मा, मंडल वाणिज्य निरीक्षक, पूर्वोत्तर रेलवे

## सार-संक्षेप



नगर के चौराहा पर नागरिकों को जागरूक करता मोदी गारंटी रथ। अमृत विचार

### मोदी गारंटी रथ ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** केन्द्र की सत्ता में फिर से आने के लिए भाजपा कोई कसर बाकी नहीं छोड़ना चाहती है। इसी क्रम में नगर पहुंचे मोदी गारंटी रथ ने सरकार की योजनाओं का बखान कर न सिर्फ लोगों को जागरूक किया बल्कि पत्र वितरित कर सुझाव भी मांगे। शनिवार को नगर पहुंचे मोदी गारंटी रथ ने तिराहा, चौराहा, फर्रुखाबाद रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली आदि स्थानों पर पहुंचकर लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि भाजपा सरकार जो कहती है। उसे करके दिखाती है। सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वाले पात्रों को विकसित भारत संकल्प पत्र देकर सलाह और सुझाव भी जाने गए। भाजपा ओबीसी क्षेत्रीय महामंत्री विनय वर्मा ने बताया कि विकसित भारत मोदी की गारंटी है। इस दौरान भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, राकेश कौशल, भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, विकास गुप्ता, अनुराग गुप्ता, आदेश बाबा, विपिन कौशल, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, भईया लाल गुप्ता आदि पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।


प्रमाण पत्र व मेडल के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

### सबसे तेज दौड़ी पारुल, काजल दूसरे नंबर पर

**तेराजाकेट, कन्नौज।** विकास खंड तालग्राम के तेराजाकेट स्थित पायका मैदान पर शनिवार को नेहरू युवा केंद्र द्वारा नारी शक्ति फिटनेस रन प्रोग्राम के तहत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 25 बालिकाओं ने 500 मीटर की दौड़ में प्रतिभाग किया। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिंह देकर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य इतेंद्र सिंह राजपूत व विशिष्ट अतिथि वेदांश कटियार (प्रबंधक) ने दीप प्रज्जवलित व झंडी दिखाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद 25 बालिकाओं ने 500 मीटर की दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। पारुल यादव ने प्रथम, काजल यादव ने द्वितीय व दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों सहित अध्यापक सुनील यादव ने स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं सहित अन्य को प्रमाण पत्र, मेडल व पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी अंशु पाल, संयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवी गौतम सिंह सहित छात्राएं मौजूद रही।

### औद्योगिक गलियारा की चिह्नित भूमि का ड्रोन से सर्वे

**तिर्वा, कन्नौज।** यूपीडा के निर्देश पर औद्योगिक गलियारा के लिए चिह्नित जमीन पर किसानों को मुआवजा दिया जाना है। इसको लेकर तहसील प्रशासन ने ड्रोन कैमरे से सत्यापन शुरू कर दिया। ठठिया थाना क्षेत्र में परफ्यूम पार्क के साथ विशिष्ट मंडी की स्थापना के बाद सरकार ने तहसील क्षेत्र में औद्योगिक गलियारा स्थापना के लिए अलीपुर अहाना गांव के करीब 1073 किसानों की 144 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कराई है। यूपीडा से मंजूरी के बाद अधिग्रहण किया जाना है। यूपीडा के निर्देश पर शनिवार को तहसीलदार अवनीश कुमार ने राजस्व टीम के साथ ड्रोन कैमरे से सत्यापन कराना शुरू कर दिया। तहसीलदार ने बताया कि ड्रोन से वीडियो बनाकर यूपीडा को दिए जाएंगे। किसानो को जागरूक किया जा रहा है कि गलियारा बनने के बाद लोगों को रोजगार का साधन मिलेगा।

# मतदाता साक्षरता क्लब की तिर्वा में होगी कार्यशाला

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 14 मार्च को तीनों विधानसभा क्षेत्र के सदस्य व अधिकारी शामिल होंगे
- डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा राजकीय महाविद्यालय में होगा कार्यक्रम

**अमृत विचार।** लोकसभा क्षेत्र के चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने व वोट प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप के तहत कई कार्यक्रम होंगे। इसी के तहत 14 मार्च को डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर चिकित्सा राजकीय महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) में मतदाता साक्षरता क्लब के सदस्यों व अधिकारियों की वर्कशॉप होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने जिलास्तर पर स्वीप के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी सीडीओ रामकृपाल चौधरी व सहायक नोडल अधिकारी डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह को बनाया है। डॉ. सिंह ने बताया कि तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए भी नोडल अधिकारी नामित हो गए हैं। कन्नौज सदर विधानसभा क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी बीएसए उपासना रानी वर्मा, छिबरामऊ के लिए डायट वरिष्ठ प्रवक्ता सुनील चतुर्वेदी और तिर्वा के लिए राजकीय हाईस्कूल भंवरगाढ़ा के प्रधानाध्यापक शिवमोहन सिंह कुशवाहा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। डीआईओएस का कहना है कि मेडिकल कॉलेज तिर्वा में 14 मार्च को सुबह 11 बजे से मतदाता साक्षरता क्लबों के सदस्यों व अधिकारियों की वर्कशॉप होगी। कक्षा नौ से 12 तक के निर्वाचन साक्षरता क्लब से जुड़े कॉलेजों के लिए निदेशालय से मार्ग दर्शिका व निर्वाचन साक्षरता क्लबों के लिए सामान्य हैंडबुक, ब्रोशर निर्वाचन साक्षरता क्लब आ गईं हैं। बताया गया है कि स्वीप योजना के तहत शैक्षणिक संस्थाओं में नामित कैंपस अंबेसडर, नोडल अधिकारी, विधानसभा स्तर पर नामित डेडिकेटेड सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व जनपद स्तर पर नामित सहायक नोडल अधिकारी भी इसमें शामिल होंगे। माध्यमिक स्कूलों के अलावा महाविद्यालयों से भी प्रतिनिधि शामिल होंगे।



खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

# एथलेटिक्स में सिंटू, अंजली का दबदबा

**स्पोर्ट्स स्टेडियम**

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- सीनियर वर्ग के बालक बालिकाओं की दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता
- विजेताओं को नगर पंचायत अध्यक्ष व क्रीड़ा अधिकारी ने पुरस्कृत किया

**अमृत विचार।** जिला खेल विभाग के तत्वावधान में सीनियर वर्ग की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें एथलेटिक्स में सिंटू सिंह व अंजली का दबदबा कायम रहा। जिला क्रीड़ा अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

शनिवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर वर्ग के एथलेटिक्स में बालकों की 100 मीटर दौड़ में अरुण प्रताप ने प्रथम, अरमान दूसरे और प्रांशु तीसरे स्थान पर रहे। 200 व 400 मीटर में हसनैन प्रथम, सिंटू सिंह द्वितीय व मीनाज तृतीय, 1500 मीटर में सिंटू सिंह पहले, नीरू कुमार दूसरे, सुशील कुमार तीसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में 100 मीटर में प्रखा पहले, अलैना दूसरे, शिवानी तीसरे, 200 मीटर में रजनी पहले, प्रखा दूसरे, अंजली तीसरे, 400 मीटर में नीरजा पहले, खुशबू दूसरे, अनामिका तीसरे स्थान पर रहीं। 1500 मीटर में नीरजा पहले, रामकांति दूसरे और वंशिका चौहान तीसरे स्थान पर रही। शाटपुट थ्रो में प्रांशु पहले, सुशील दूसरे और वासू तीसरे स्थान पर तथा बालिका वर्ग में अंजली पहले, प्रांशी दूसरे, सोनम ने तीसरा स्थान पाया। हाकी का फाइनल मुकाबला स्पोर्ट्स स्टेडियम और ऋषि भूमि इंटर कालेज के बीच खेला गया स्पोर्टस स्टेडियम 2-0 विजयी घोषित हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता और जिला क्रीड़ा अधिकारी नूरहसन ने पुरस्कृत किया। इस मौके पर आकाश वर्मा, मोहम्मद रेहान, हाकी प्रशिक्षक अमित राजपूत मौजूद रहे।

# कड़ी सुरक्षा के बीच लोकसभा चुनाव होंगे

**कन्नौज।** जिले में कड़ी सुरक्षा के बीच लोक सभा सामान्य चुनाव संपन्न कराये जायेंगे। इसको लेकर एसपी ने पुलिस लाइन में बीएसएफ के जवानों के साथ बैठक की। इस दौरान महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शांति पूर्ण वातावरण में भयमुक्त, निष्पक्ष सम्पन्न कराए जाने के लिये बीएसएफ के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। इस मौके पर निर्वाचन आयोग व शासन एवं उच्चाधिकारियों के आदेशों व निर्देशों से अवगत कराया गया। कहा गया कि बीएसएफ के जवान जनपदीय पुलिस बल के साथ सामंजस्य बनाकर जिले के संवेदनशील इलाको में फ्लैग मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाने का काम करें।

समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा मौजूद रहे।

# भाकियू नेताओं ने जिलाध्यक्ष को घेरा

संवाददाता, गुरसहायगंज-कन्नौज


जिलाध्यक्ष का घेराव कर जानकारी देते किसान नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाकियू टिकैत के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जनपद के एक पुलिस अधिकारी पर अमर्यादित व्यवहार का आरोप लगाया और न्याय न मिलने पर जिलाध्यक्ष का घेराव किया। ट्वीट कर घटना की जानकारी राष्ट्रीय नेतृत्व व राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को भी दी है।

ग्राम इस्माइलपुर जीटी रोड स्थित भाकियू टिकैत के जिला कार्यालय पर शुक्रवार की रात पहुंचे जिला उपाध्यक्ष जीतू यादव, कन्नौज तहसील अध्यक्ष ने जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी का घेराव कर नाराजगी व्यक्त की। कहा कि वह निजी मामले में पुलिस अधिकारी के पास गए थे लेकिन उन्होंने उनकी बात नहीं सुनी। बल्कि डांट कर कार्यालय से भगा दिया। इसकी सूचना दूरभाष पर जिलाध्यक्ष को दी गई थी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यकर्ताओं द्वारा राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को ट्वीट कर जानकारी दी गई है। किसानों के हक व सम्मान के लिए सोमवार को जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान प्रमोद तिवारी, इरशाद अली, जीतू यादव, माहरूफ खान, रिजवान आदि रहे।

# बोर्ड की परीक्षाएं समाप्त, अब मूल्यांकन की तैयारी

**अब नंबर की बारी**

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



- आज जिले पर आ जाएंगी दोनों तहसीलों में रखीं उत्तरपुस्तिकाएं
- 13 के बाद जिले के बाहर चली जाएंगी हाईस्कूल-इंटर की कॉपियां

**अमृत विचार।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज (यूपी) बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 17 दिनों बाद समाप्त हो गईं। अब उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन की तैयारी शुरू हो गई है। बताया गया है कि रविवार यानि आज तिर्वा व छिबरामऊ तहसीलों में रखीं परीक्षाओं की कॉपियां जिले पर आ जाएंगी।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलीं। कहा जा रहा है कि 13 मार्च के बाद जनपद की उत्तरपुस्तिकाएं दूसरे जनपदों में जांचने के लिए भेजी जाएंगी। 16 मार्च से 31 तारीख तक उनका मूल्यांकन होगा। इसी दौरान बोर्ड से आवंटित दूसरे जिलों से परीक्षा की कॉपियां कन्नौज के भी एसबीएस इंटर कॉलेज व केके इंटर कॉलेज में जांचीं जाएंगी। इससे पहले परीक्षकों की तैनाती व उनको प्रशिक्षण देने की तैयारी चल रही है। एसबीएस में हाईस्कूल व केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की कॉपियों का मूल्यांकन होगा।

### कहीं एक परीक्षार्थी तो कहीं वह भी नहीं

- अंतिम दिन शनिवार को यूपी बोर्ड परीक्षा में कहीं एक परीक्षार्थी मौजूद था तो कहीं एक भी नहीं पहुंचा। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि सुबह की पाली में महर्षि निशंक इंटर कॉलेज नवादा तालग्राम में उर्दू व कश्मीरी विषय की परीक्षा में एक-एक परीक्षार्थी ही पंजीकृत था। अशोक गंगवार मेमोरियल इंटर कॉलेज ताहपुर में एक ही परीक्षार्थी उर्दू की परीक्षा में पंजीकृत था, जो गैरहाजिर रहा। इसी तरह एसबीएस इंटर कॉलेज कन्नौज में भी एक परीक्षार्थी था। कन्हैयालाल अग्निहोत्री आदर्श इंटर कॉलेज चियासर व चौ. विजय इंद्र सिंह इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में सुबह की पाली में एक-एक परीक्षार्थी पंजीकृत रहा।

### दोनों पालियों में 71 परीक्षार्थी गैरहाजिर

- डीआईओएस ने बताया कि सुबह शहर समेत गुरसहायगंज तक 10 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सुबह की पाली में 25 केंद्रों पर ही परीक्षा तय थी। इसमें हाईस्कूल में उर्दू में कुल पंजीकृत 237 में 221 शामिल हुए और 16 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट में व्यावसायिक शिक्षा में पंजीकृत 276 में उपस्थिति 265 रही। 11 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में कृषि रसायन, कृषि गणित में पंजीकृत 992 में 948 परीक्षार्थी शामिल हुए और 44 गैरहाजिर रहे। शाम की परीक्षा कुल 35 केंद्रों पर हुई।

### दो चरणों में जा चुकी ओएमआर शीट

हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने 30-30 अंकों की परीक्षा ओएमआर शीट पर भी दी थी। दो चरणों में उनको भेजा जा चुका है। बताया गया है कि ओएमआर शीट का मूल्यांकन एजेंसी ही करेगी। जनपदों में ओएमआर शीट नहीं जांची जाएंगी।

**डीएम से शिकायत** — मुख्य मार्ग के दोनों तरफ खेत मालिकों ने लगा दिए ब्लेड वाले तार, आए दिन राहगीर हो रहे जख्मी

# कृष्णानगर में कंटीले तार दे रहे आने-जाने वालों को 'दर्द'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


मोहल्ला कृष्णानगर में मुख्य मार्ग के किनारे लगे कंटीले तार। अमृत विचार


कंटीले तारों में फंसकर गिरी बाइक।

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला कृष्णानगर में मुख्यमार्ग के दोनों तरफ लगे ब्लेड वाले कंटीले तार राहगीरों को दर्द दे रहे हैं। आए दिन बाइक सवार और पैदल निकलने वाले लोग इन तारों में फंसकर घायल हो रहे हैं। नागरिकों ने प्रदेश सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण सहित जिलाधिकारी से शिकायत कर कंटीले तार हटवाए जाने की मांग की है। साथ ही इस रोड पर जलभराव की समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है।

शहर के तिर्वा रोड स्थित मोहल्ला कृष्णानगर की स्थिति यह है कि इसके एक तरफ धीराताल है, जिसकी जल निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, इससे तिर्वा रोड से मोहल्ले को जाने वाली सड़क टूट गई है और पैदल भी निकलना दूभर है। वहीं, गैस एजेंसी क्रासिंग से गोलकुआं जाने वाली रोड से एक सड़क गेस्ट हाउस के बगल से मोहल्ले में जाती है। इसके दोनों ओर खेत हैं। न्ना मवेशियों से फसलों को बचाने के लिए दोनों तरफ बल्ली गाड़कर प्रतिबंधित कंटीले व ब्लेड तार बांध दिए हैं। सड़क दुर्दशाग्रस्त होने से आए दिन बाइक सवार लोग इनमें फंसकर गिर जाते हैं और गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। यहां तक कि पैदल निकलने वाले लोग भी इन खतरनाक तारों से बच नहीं पाते हैं और कपड़े फाड़ लेते हैं या कट जाते हैं। अन्ना मवेशियों की गर्दन फंसकर कट जाती है। मोहल्ले के लोगों ने जिला प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि तार नहीं हटाए गए तो वह लोग कलेक्ट्रेट में आंदोलन करेंगे।

## बोले नागरिक



कृष्णानगर में सड़कों की हालत जर्जर है और कंटीले तार लगे होने से आए दिन लोग घायल हो रहे हैं। जिला प्रशासन को इस पर तत्काल एक्शन लेना चाहिए।

पवन कुमार मिश्र



खेत मालिकों ने बस्ती के पास प्रतिबंधित ब्लेड वाले तार लगा दिए हैं। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। हर दिन लोग घायल हो रहे हैं।

कुलदीप चौबे



जर्जर सड़क को लेकर कई बार नगर पालिका में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद कंटीले तार राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं।

अरविंद कुमार दुबे



प्रतिबंधित ब्लेड तार लगाने से लोगों के अलावा अन्ना मवेशी भी कट जाते हैं। कई बार खेत मालिकों से तार हटाने के लिए कहा, लेकिन वह मना कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए।

सोनू दुबे


बूथ का निरीक्षण करते डीएम व एसपी। अमृत विचार

# शिकायतों का समय से निस्तारण करने के निर्देश, बूथों का निरीक्षण

संवाददाता, तालग्राम-कन्नौज,

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द ने शनिवार को थाना तालग्राम में आयोजित समाधान दिवस पर पीड़ितों की समस्याएं सुनी और निस्तारण का भरोसा दिलाया।

जिलाधिकारी ने समाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुना। संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों को शिकायतों की गम्भीरता से लेकर शत-प्रतिशत निष्पक्ष निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियो को निर्देशित किया। कि थाना समाधान दिवस में प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों का जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके बाद डीएम व एसपी ने मतदान केन्द्रों का भी निरीक्षण किया और स्कूल में बच्चों सेबाकर शिक्षा की गुणवत्ता को भी परखा।

## एक नजर

### दलित मां, बेटे को पीटा, तीन को पुलिस ने हिरासत में लिया

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र में दलित मां-बेटे को मार पीट कर घायल करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। महिला की तहरीर पर दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थाना क्षेत्र के गांव श्रंगीरामपुर की रहने वाली अनीता जाटव पत्नी राम किशोर ने गांव के अनुज सहित तीन के खिलाफ तहरीर दी कि इन लोगो ने उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया ।थानाध्यक्ष राजेश राय ने बताया कि महिला की तहरीर पर जांच की गई। इसके बाद तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। उनके बिरुध्द दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज ली गई है।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल एक की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव पचरौली निवासी पंकज, बरझाला निवासी हरिश्चंद्र, जनपद कासगंज के होतलपुर सारों निवासी सरस्वती घायल हो गईं। तीनों के परिजन सीएचसी लाया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद सरस्वती को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### निर्माण रुकवाने का आरोप पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के कुबेरपुर कुडरा निवासी शिवकांत पुत्र अमरनाथ ने अमृतपुर थाने मे प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य करा रहा है। जिसे थाना क्षेत्र के राजेपुर निवासी रतिपाल सिंह पुत्र जगदीश सिंह, स्वीटी पत्नी रतीपाल सिंह, पारुल पुत्री रतीपाल सिंह , अजीत ने सामूहिक रूप से निर्मानाधीन दीवार को तोड़ दिया। जब हम लोगों ने कारण पूछा तो उक्त लोगों ने गाली गलौज कर जान माल की धमकी दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध का इतिहास जाना

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** विकास क्षेत्र में राष्ट्रीय आविष्कार योजना के अंतर्गत विजिट का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। विजिट में बच्चों को संकिसा के धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण में बच्चों को महात्मा बुद्ध के जीवन परिचय तथा उनके जीवन से जुड़ी अनेक कहानियों को बताया गया। बच्चे उनके जीवन से जुड़े हुए पहलुओं के चित्रों को देखकर काफी उत्साहित हुए।

# दक्षिण भारत में बढ़ी फर्रुखाबाद के आलू की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आलू मंडी सातनपुर में शनिवार को आलू की आवक बढ़ी नजर आई। आवक बढने से आलू के भाव में भी 100 रुपये क्विंटल का इजाफा रहा। शहर की सातनपुर आलू मंडी में शुक्रवार को 70 ट्रक आवक थी।

शनिवार को बढ़कर 100 ट्रक हो गयी। भाव में सामान्य आलू 50 रुपए क्विंटल का उछाल रहा। लाल हालैंड आलू में 100 रुपए क्विंटल के दाम बढ़े , सामान्य आलू 901 से 1251 रुपए क्विंटल में, 3797, चिप्सोना आलू 1251 से 1401 रुपए क्विंटल, हालैंड सुपर छट्टा आलू 1451 से 1701 रुपए क्विंटल में बिक्री हुई। बाहरी मंडियों की मांग के चलते चालानी आलू की ज्यादा खरीद से कोल्ड स्टोरेज खाली रहने की संभावना बनी हुई है। आलू आढ़ती एसोसिएशन के अध्यक्ष रिंकू वर्मा ने बताया कि दक्षित भारत की मंडियों में फर्रुखाबाद के आलू की मांग बड़ी है। इस बजह 35 से 40 ट्रक आलू रोज दक्षिण भारत जा रहा है। इसकी बजह से आलू के भाव मे भी भारी उछाल आया है। प्रगति शील किसान नारद सिंह कश्यप का कहना है कि इस समय आलू किसानों को खासा लाभ हो रहा है। उन्हें अपना आलू बेच लेना चाहिए।


मंडी में रखा आलू। अमृत विचार

## तौल सेंटर में तीन दिन से नहीं तौला जा रहा गन्ना

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** डीएससीएल शुगर मिल रूपापुर की तरफ बनाए गए तौल सेंटर गूजरपुर द्वितीय पर पिछले तीन दिनों से तौल न हो पाने से काश्तकार परेशान हैं। तौल केंद्र पर दर्जनों ट्राली गन्ना तौल के इंतजार मे खड़ा हैं। काश्तकार संदीप, कश्मीर, ग्रीस, बृजनंदन, रामकिशोर, दिलशाद आदि लोगों ने बताया कि पिछले तीन दिन से खड़े हैं। गन्ने की तौल नहीं हो पा रही जिससे हम लोग काफी परेशान हैं। ट्राली पूरे दिन धूप मे खड़े होने सेगन्ना भी सूख रहा है। काश्तकारों ने तौल सेंटर प्रभारी अमित कुमार पर गन्ने की तौल न करने का आरोप लगाया। तौल केंद्र प्रभारी अमित कुमार ने बताया शुगर मील मे प्रेशर पाइप फट जाने से तौल बंद करा दी गई है। सही होने पर तौल शुरू करा दी जाएगी।


तौल के इंतजार में खड़े ट्रैक्टर। अमृत विचार

# मालगाड़ी की चपेट में आकर महिला की मौत

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- कंपिल थाना क्षेत्र के गांव किंदरनगला की है महिला

**अमृत विचार।** कायमगंज रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग पार कर रही महिला की मालगाड़ी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। थाना कंपिल क्षेत्र के गांव किंदरनगला निवासी जंगबहादुर की पत्नी रेवती (65) अपनी नातिन कोमल के यहां गुरसहायगंज गई हुई थी। नातिन कोमल के यहां से शनिवार को ट्रेन से कायमगंज रेलवे स्टेशन पर उतरी। तभी कायमगंज रेलवे स्टेशन के पास क्रॉसिंग पर महिला रेवती पटरी पार कर रही थी। उसी समय मालगाड़ी की चपेट मे आ गई। जिससे महिला रेवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना पर आरपीएफ दरोगा रानकेशन यादव ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। महिला की पहचान उसके पुत्र सुधीर ने मौके पर आकर अपनी मां के रूप में की।महिला के राजीव, सुधीर ,सुसील तीन पुत्र व एक पुत्री है। सभी का रोरो कर बुरा हाल है।

# ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगा किया हंगामा

## पंखे पर लटका मिला था हार्डवेयर व्यापारी की पत्नी का शव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद,


मौके पर जानकारी लेते नायब तहसीलदार सनी कन्नौजिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हार्डवेयर कारोबारी की पत्नी की हुई सन्दिग्ध परिस्थियों में मौत की सूचना पर शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे महिला के परिजनों ने जमकर हंगामा किया। उन्होंने ससुराली पक्ष पर पूजा की हत्या का आरोप लगाया।


पूजा।

सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार सनी कन्नौजिया जांच पड़ताल में जुट गए हैं। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में हार्डवेयर कारोबारी आशीष यादव की पत्नी पूजा यादव (26) का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टा से शुक्रवार को लटका मिला था। सूचना पर सीओ सिटी प्रदीप सिंह, फतेहगढ़ कोतवाल व सिविल लाइन चौकी इंचार्ज समेंत फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। मृतका का आशीष यादव के साथ करीब 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था और उसके एक डेढ़ वर्ष की पुत्री है।

- पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर दर्ज की रिपोर्ट

बताया गया कि पति-पत्नी के बीच किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता है। मृतका का पति आशीष यादव घटना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा था। जबकि घर से कुछ ही दूरी पर उसकी मोहल्ला भूसा मंडी में हार्डवेयर की दुकान है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई मनीष यादव व मां अनुराधा देवी निवासी कुंडपुरा, थाना कमाल गंज तथा दर्जनों गांव वालों ने पोस्ट मार्टम हाउस में जमकर हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि उसकी बहन की हत्या कर दी गई। नायब तहसीलदार ने पीड़ित पक्ष को रिपोर्ट दर्ज कराने का भरोसा दिया और थाने में तहरीर देने के लिए भेज दिया है। मृतका की मां अनुराधा की तहरीर पर फतेहगढ़ पुलिस ने पति आशीष, सास मीना देवी, देवर अतुल व ननद के खिलाफ दहेज हत्या में रिपोर्ट दर्ज ली है। सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने कहा तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपीटीओ की तलाश की जा रही है। घटना की पूरी विवेचना की जाएगी।

## बसपा नेता के पुत्र सहित दो पर फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** कादरी गेट थाने में बसपा नेता के पुत्र सहित दो पर लाइसेंसी बंदूक से फायर कर दहशत फैलाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। इसका दो दिन से वीडियो वायरल हो रहा था। कादरी गेट थाना क्षेत्र के मोहल्ला अल्लाह नगर बढ़पुर निवासी अभिषेक सिंह पाल ने दी तहरीर में कहा कि 6 फरवरी को उनके घर के सामने बसपा नेता शरद श्रीवास्तव के पुत्र बादल श्रीवास्तव, पतनठाकुर पुत्र शिव प्रताप ठाकुर सहित अन्य लोग दरवाजे के सामने शराब पी रहे थे।

भय बनाने के लिए सभी के पास असले थे। दरवाजे पर शराब पीने व गाली गलौज का विरोध करने पर सभी दबंग हमलावर हो गए ।मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जाते समय दबंगों ने बंदूक से फायरिंग की ।जिसका विडियो वायरल है । घटना के दो दिन बीत जाने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपितों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थांनाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले की विवेचना की जा रही है। गुणदोष के आधार पर आरोप तय किया जाएगा।

# थाना समाधान दिवस : पांच शिकायतें आईं, तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** थाना कमालगंज में डीएम डॉक्टर वीके सिंह की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस आयोजित किया गया। थाना समाधान दिवस में कुल 5 शिकायती प्रार्थना पत्र आए । सभी शिकायती प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से संबंधित थे। 3 मामलों का तत्काल निस्तारण करने के डीएम डॉ विजय कुमार सिंह ने निर्देश दिए। शेष प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के डीएम ने निर्देश दिए।


शिकायत सुनते डीएम वीके सिंह व एसपी विकास कुमार। अमृत विचार

डीएम ने नवीन थाना भवन बनाए जाने को चिन्हित की गई जमीन को भी दिखवाने के निर्देश दिए। कस्बा कमालगंज में बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि दिखबाकर कैमरों को सही कराया। थाना समाधान दिवस में जिलाधिकारी के साथ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार भी मौजूद रहे। कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार थानादिवस क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता आयोजित किया गया। इस बीच प्रभारी निरीक्षक रामअवतार मौजूद रहे।थाना दिवस में कुल 6 शिकायते आयी । जिनमें से दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया ।क्षेत्र के इंद्रपाल पुत्र गंगाराम निवासी अमलैया मुकेरी ने थाना दिवस में पहुंचकर शिकायत की।

उन्होंने कहा कि हमारी कृषि भूमि जिसकी गाटा संख्या 227 रकवा 2 हेक्टर है। अन्नापशुओं व जगली जानवरो से फसल की सुरक्षा के लिए लोहे के इंगल व तार लगवा दिये थे। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इंगलो को उखाड़ कर गायब कर दिया गया।पड़ोसी खेत मालिक अनिल कुमार पुत्र गोवर्धन से इस सम्बन्ध में पूछने पर ही वह लड़ाई झगड़ा करने पर उतारू हो गया। इससे साबित हो गया कि इंगल उसी व्यक्ति ने उखाड़ कर गायब किये हैं। ऐसे ही बृजपाल पुत्र पुत्तुलाल निवासी नरैनामऊ ने शिकायती पत्र देकर कहा कि मैंने गाली-गलौज से सम्बंधित तहसील दिवस में शिकायत की थी परन्तु आरोपी अखलेश,गुड्डु पुत्र सुरेश उर्फ सर्वेश कुमार तथा रिकू,पिन्टू पुत्र बिष्णुकान्त निवासी नरैनामऊ के विरुद्ध अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने क्षेत्राधिकारी से न्याय की गुहार लगाई है। क्षेत्राधिकारी सत्येन्द्र सिंह के अलावा प्रभारी निरीक्षक रामअवतार,क्राइम प्रभारी राजेश कुमार सिंह, एसआई सीमा पटेल,एसआई नीलम, एसआई नितिन कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर, एसआई सुनील कुमार, कानूनगो जगदीश कुमार, कानूनगो विजयपाल, लेखपाल तामेश्वर राना आदि राजस्व अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद प्रतिभागी। अमृत विचार

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर थिरके विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय रंग शाहजहां में मेरा आंगन मेरे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया ।छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया इस दौरान शिक्षकों और बच्चों को सम्मानित भी किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सीडीपीओ पुष्पा सिंह व नगर शिक्षा अधिकारी आईपी सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन कर किया छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं तो समूचा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा बीईओ ने कार्यक्रम की विस्तृत रूप से जानकारी दी उन्होंने छात्र नामांकन शत-प्रतिशत बढ़ाने व निपुण विद्यालय बनाए जाने के लिए शिक्षकों को प्रेरित किया इस दौरान नोडल शिक्षक मनोरमा कनौजिया, कृपा शंकर यादव, शिक्षक संकुल रेशमा आरा, दीपक शर्मा के साथ ही सोहन, निखिल, सत्यम राजपूत, शोभित, अनमोल, संगम राजपूत, दिशा, सिद्ध गोपाल, माही शर्मा, नैना, अलशिफा और अलीना आदि छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया इस अवसर पर शिक्षक नेता संजय तिवारी, वंदना रानी, रुचि वर्मा, मंजरी, नूपुर रस्तोगी आदि मौजूद थे।

# कृष्ण जन्म की कथा सुनकर श्रोता हुए भावविभोर

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ब्लाक कमालगंज के गांव रुनीचुरसाई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के कथावाचक नीरज शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म का वर्णन किया। शनिवार को पूतना वध, माखन चोरी लीला सुनाई। धन के देवता कुबेर के पुत्र यमलार्जुन की उद्धार कथा, कालीदह लीला, गोवर्धन पूजा की लीला सहित भगवान की बाल लीलाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। उनके संगीतमय संगत में उपेंद्र सिंह, धर्मेश, सुनील कुमार ने साथ दिया। परीक्षित रामरती एवं माखनलाल राजपूत व राकेश सिंह ने पूजा अर्चना कर कथा की शुरुआत की। कथा के दौरान प्रसंगों को सुनकर कई श्रोता भावविभोर हो गए।

कथा आयोजन समिति में अरविन्द राजपूत पूर्व प्रधान, शीशराम राजपूत, हंसराम राजपूत, जैन सिंह, रामनाथ सिंह, रामबरन, रामवीर सिंह, राजकुमार सिंह, अनकपाल, लालाराम, मदनलाल, रामप्रकाश राजपूत, देवीदयाल, सूरज सिंह राजपूत, शिवनेश कुमार, प्रमोद कुमार, अतुल कुमार, जीतू, मान सिंह, प्रवेश कुमार, विवेक कुमार, वीरभान सिंह, चन्दन राजपूत, डा उमाशंकर सिंह, आशाराम श्रीवास्तव, होतेलाल, जितेन्द्र सिंह, शिवराम सिंह, आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

### भजन गायिका निकुंज एवं आरुषि का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद ।** भगवान कृष्ण की भक्ति सनातनियों को एक दूसरे का सम्मान करना सिखाती है। गीता ज्ञान का अथाह सागर हैं। यह बात आज यहां भजन गायिका निकुंज कामरा ने कही। इससे पहले उन डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा, विनोद अग्निहोत्री, सरल दुबे, रोहित गोयल, श्याम अग्निहोत्री, शिशिर टंडन, प्रियम अग्रवाल, श्याम अग्निहोत्री ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। श्रीराधा रमन मकरंद होलीकोत्सव में दिल्ली से आईं निकुंज कामरा एवं आरुषि गंभीर ने खतरना स्थित डॉक्टर मनोज मेहरोत्रा के निवास स्थान पर बताया कि ठाकुरजी की भक्ति प्रभु का सत्संग और संस्कृति का का सम्मान करना सिखाती है।


निकुंच कामरा।

## नारी मन में ठान ले तो उसे कर दिखाती है

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** श्रीविश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान की ओर से मोहल्ला जोगराज स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए छात्रा प्रिया मिश्रा ने कहा कि आज की नारी अबला नहीं सबला है । वह जो मन में ठान लेती है, उसे कर दिखाती है संस्थान के निदेशक सुरेंद्र पांडेय ने कहा कि आज समाज के हर क्षेत्र में महिलाओं की महत्ती भूमिका है जिस क्षेत्र में महिला कार्य करती हैं, वहां पूरी मेहनत व लगन के साथ करती हैं । आज की नारी किसी से भी कम नहीं है। नारी की शक्ति को पहचान कर उसे आगे बढ़ाने का कार्य करना चाहिए तभी हमारा देश विश्व गुरु बनेगा। इस दौरान शिल्पी सक्सेना, सुपर्णा मिश्रा आदि मौजूद थे।

## दुकान में घुसकर कर्मचारी को पीटा

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** दुकान में घुस कर कर्मचारी के साथ मारपीट की गई। जिसकी तहरीर कोतवाली में दी गई। कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला बजरिया राधा कृष्ण निवासी अंकित जैन पुत्र अभय कुमार जैन ने कोतवाली पुलिस को एक शिकायत पत्र में बताया कि उसकी दुकान महावीर इलेक्ट्रॉनिक में मनोज काम करता है। अंकित जैन ने बताया कि वह अपनी दुकान पर नहीं था। उस समय मोहल्ला निवासी शरद राठौर पुत्र रामनिवास राठौर अपने चार-पांच साथियों के साथ दुकान पर आ गया और दुकान में हमारे कर्मचारी मनोज के साथ मारपीट करने लगा । जान से मारने की धमकी देकर चला गया। मारपीट की घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। कोतवाली प्रभारी रामअवतार सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है जांच की जाएगी। चौकी इंचार्ज विद्यासागर तिवारी व एसआई नितिन कुमार ने जांच की।

# फांसी पर लटका मिला शव हत्या का लगाया आरोप

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मोहल्ला मांझगांव पूर्व में ससुराल में विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाया है। घटना की जानकारी पर पुलिस प्रशासन व फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

नगर के मोहल्ला मांझ गांव पूर्व निवासी अकील राजमिस्त्री का कार्य करता है। शनिवार सुबह वह कार्य करने घर से बाहर गया था। घर पर उसकी 19 बर्षीय पत्नी आसमा अकेली थी। सुबह करीब 10 बजे घर के आसपास खेल रहे बच्चों ने आसमा का शव घर के आंगन में कुंडे के सहारे दुपट्टे से लटका देखा तो उनकी चीख निकल गई। यह सुनकर मौके पर मोहल्लेवासियों की भीड़ लग गई। मोहल्ले वालों ने घटना की सूचना अकील व पुलिस को दी। सूचना पर सीओ सतेन्द्र सिंह ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच जांच पड़ताल की। फारेंसिक टीम ने भी घटना स्थल से साक्ष्य जुटाए। मौत की सूचना पर कुछ समय बाद बेटी के मायके वाले मौके पर पहुंचे। जहां गांव रायपुर निवासी मृतका के पिता इसरार ने बेटी की हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया उसकी बेटी की शादी दो बर्ष पूर्व हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उन्होंने बेटी की हत्या कर दी। सूचना पर नायब तहसीलदार मनीष वर्मा मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसओ दिलीप कुमार कंचन ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### घर की कलह से तंग छात्रा ने फांसी लगाई, हुई मौत

**अमृतपुर, फर्रुखाबाद ।** राजेपुर थाना क्षेत्र में कक्षा 11 की छात्रा ने फांसी लगा कर आत्म हत्या कर ली। थाना क्षेत्र के ग्राम दारापुर निवासी साक्षी (18) पुत्री राज बहादुर कक्षा 11 की छात्रा थी। साक्षी ने घरेलू कलह के चलते अपने मकान के ऊपरी मंजिल में पहुंचकर पंखे के कुंडे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो घर में कोहराम मच गया। मृतका की मां नीतू सिंह ने थाना पुलिस को सूचना दी। थाना अध्यक्ष कामिल खान ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करने के बाद पंचनामा की कार्रवाई की।

कार्यक्रम | आवास विकास कालोनी स्थित भाजपा कार्यालय में दिव्यांग जन सम्मेलन में बोले वक्ता

# दिव्यांग ही समझ सकता है शरीर के अंग-भंग होने का दर्द

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** आवास विकास कॉलोनी स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को दिव्यांग प्रकोष्ठ की ओर से दिव्यांगजन सम्मेलन आयोजित हुआ। इस दौरान दिव्यांगों को सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश प्रभारी ओमप्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि मानव शरीर का कोई अंग अगर भंग हो जाता है तो उसका दर्द दिव्यांग ही समझ सकता है। भाजपा सरकार ने दिव्यांगों के कल्याण करने कार्य करते हुए सहायता राशि 500 से बढ़ाकर 1000 रुपये की करने का कार्य किया। हर सरकारी व्यवस्थाओं में दिव्यांगों को विशेष सुविधा दिलाई गई। दिव्यांगों के विवाह के लिए प्रत्येक दिव्यांग जोड़े को 35000 रुपए की धनराशि दी जा रही है। केंद्र सरकार दिव्यांग को उपलब्ध होने वाले सभी उपकरणों को मुफ्त दे रही है।


संबोधित करते ओमप्रकाश श्रीवास्तव।


सम्मेलन में मौजूद भीड़। अमृत विचार

विशिष्ट अतिथि दिव्यांग प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय सह संयोजक डॉ. अनुपमा जैन ने कहा कि केंद्र सरकार की साफ नीति और नियत के कारण दिव्यांग जनों को सम्मान से जीने का हक मिला। दिव्यांगजन अपनी इच्छा शक्ति से परिवार चलाने का सामर्थ रखता है। परोपकार करना भारत की संस्कृति में है। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2016 को पारित किया। दिव्यांगजन कहीं भी निशुल्क बस यात्रा कर सकते हैं। दिव्यांग प्रकोष्ठ प्रदेश सहसंयोजक अभिषेक त्रिवेदी ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशीष दुबे उर्फ छोटू ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी शिवांग रस्तोगी व पिछड़ा मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण मुरारी राजपूत आदि लोग मौजूद रहे।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# सुलह समझौते से निपटे एक लाख नौ हजार वाद

## 19 वैवाहिक प्रकरण निस्तारित, 15 जोड़ों की एक साथ हुई विदाई, विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जजी परिसर में किया गया आयोजन

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● अभी तक के सबसे ज्यादा मामले निस्तारित किए गए

**अमृत विचार।** विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जजी परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया। शनिवार को लोक अदालत में कुल 1,09279 मामलों का निस्तारण किया गया। इटावा जिले में शनिवार की लोक अदालत में अभी तक के सबसे ज्यादा मामले निस्तारित किए गए हैं।

शनिवार की सुबह जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश ने दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर लोक अदालत का

उदघाटन किया । इस लोक अदालत में 109279 वादों का निस्तारण किया गया जिसमें से आर्बिट्रेशन के वादों में जनपद न्यायाधीश चवन प्रकाश द्वारा 5, अपर जिला जज पंचम नीरज कुमार गर्ग द्वारा 1, अपर जिला जज दशम यज्ञेश चन्द्र पाण्डेय द्वारा 1 व अपर जिला जज सप्तम आलोक श्रीवास्तव द्वारा 3, कुल मिलाकर 10 वादों का निस्तारण किया गया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय आनन्द प्रकाश द्वितीय द्वारा 19 वैवाहिक प्रकरणों का निस्तारण किया गया। प्री-लिटिगेशन स्तर के दाम्पत्य विवादों में कुल 4 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। कल्पना द्वितीय स्पेशल जज पोक्सो तथा मध्यस्थ अधिवक्ता राजीव दीक्षित की पीठ द्वारा किया गया तथा कुल 15 जोड़ों की साथ विदाई करायी गयी। स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष सुरेश चन्द्र भारती द्वारा 4 व मजिस्ट्रेट न्यायालयों द्वारा कुल 7429 वादों का निस्तारण किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने यह भी बताया कि न्यायिक अधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विभागों व बैंको से सम्बन्धित प्री लिटिगेशन के 101323 वाद निस्तारित किए गए जिनमें 41,74,05522 रुपये वसूल किए गए। प्री-लिटिगेशन तथा लम्बित वादों का निस्तारण करते हुए सकल रूप से 419425164 रुपये वसूल किए गए। इस लोक अदालत में विभिन्न दूर-सुदूर क्षेत्रों से आए हुए लोगों को बैंकों के ऋष्ठ के भुगतान के संबंध में अच्छी छूट दी गई। कारगार, इटावा में निरूद्ध बंदियों व सम्प्रेक्षण एवं विशेष गृह में निरूद्ध किशोरों द्वारा निर्मित उत्पादों की ब्रिकी के लिए प्रदर्शनी लगाई गई।



जजी परिसर में लगाए गए स्टाल को देखते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

### बंदियों के बनाए सामान का लगाया गया स्टॉल

**इटावा।** लोक अदालत में पहली बार केंद्रीय कारागार के बंदियों द्वारा बनाए गए सामान का स्टाल लगाया गया। जिसमें बंदियों के द्वारा बनाए गए खिलौने में गुड़िया, मुकुट के अलावा रुमाल गमछा बेडसीट गमले तकिया कवर कुर्ता चादर आदि सामान की बिक्री की गई। जहां न्यायिक अधिकारियों के अलावा वकीलों ने भी खरीदारी की। इसके अलावा सम्प्रेक्षण गृह व विशेष सम्प्रेक्षण गृह के बंदियों के द्वारा बनाए गए सामान की प्रदर्शनी लगाई गई। इन स्टालों का उद्घाटन विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्वेता श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर केंद्रीय कारागार के अधीक्षक डा रामधनी सम्प्रेक्षण गृह के अधीक्षक शिशुपाल सिंह वीरेंद्र मौर्या के अलावा शिक्षक राम मोहन तिवारी आफताफ अहमद भी मौजूद रहे।

## मतदाता सूची का प्रदर्शन अभियान एक दिन बढ़ाएं

**इटावा।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची पढ़कर सुनाई जाएगी। इसके लिए 9 और 10 मार्च की तारीख तय की गई है। 9 मार्च को यूपी बोर्ड की परीक्षा होने और कई विद्यालयों में परीक्षा केंद्र होने के कारण वहां बीएलओ नहीं पहुंच पाए जिससे मतदाता सूची पढ़कर नहीं सुनाई जा सकी।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव ने मांग की है कि मतदाता सूची को मतदान केंद्र पर पढ़कर सुनाए जाने के अभियान को एक दिन और बढ़ा दिया जाए। उन्होंने कहा कि शनिवार को कई केदो पर बीएलओ नहीं पहुंचे और मतदाता सूची नहीं पढ़कर सुनाई जा सकी। 9 और 10 मार्च का जो समय रखा गया है उसे बढ़ा देना चाहिए और 11 मार्च को भी मतदाता सूची मतदान केंद्रों पर पढ़कर सुनाई जानी चाहिए जिससे सभी मतदाताओं को मतदाता सूची की जानकारी मिले।

**सार-संक्षेप**



खाटू श्याम जी की पूजा अर्चना करते भक्त। अमृत विचार

### कुंज में हुई खाटू श्याम जी की मूर्ति स्थापना

**इटावा।** कुंज मोहल्ला स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर बाबा खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ संपन्न हुई। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्ति की शोभायात्रा निकाल कर नगर में भ्रमण भी कराया गया। मिटैटी टोला कुंज निवासी बाबा खाटू श्यामजी के भक्त रामसिंह रामू, नंदा वर्मा एवं मयंक सिंह ने इटावा नगर के भक्तों के लिए खाटू श्यामजी की भव्य मूर्ति की स्थापना कराई है। प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मूर्ति का जलाधिवास, अन्नाधिवास, फलाधिवास आदि का विधान कराया गया। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में श्याम सिंह, नितिन सिंह, सत्यम सिंह, अखिल भारतीय श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष राकेश चंद्र पाठक, महामंत्री विष्णु नारायण शोरावाल, कोषाध्यक्ष राम मनोहर दीक्षित, ओम, प्यारा, कार्तिक, लक्ष्य, महेंद्र सिंह तोमर, हरी वर्मा, तरुण दीक्षित, विनोद अग्रवाल, सुधीर गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

### दौलत नहीं, ज्ञान से सुखी होता है मनुष्य : भाऊ जी

**इटावा।** संत भाऊ जी महाराज ने कहा है कि धन दौलत से असली सुख नहीं मिलता, ज्ञान प्राप्त करके ही मनुष्य सुखी हो सकता है। सदगुरु व्यक्ति को ज्ञान कराता है और मोक्ष का मार्ग दिखाता है इसलिए सभी को सदगुरु करना चाहिए और गुरु दीक्षा लेनी चाहिए। यहां आवास विकास कालोनी में सत्संग के दौरान पत्रकारों से बातचीत में भाऊ जी महाराज ने कहा कि गुरु की शरण में जाना चाहिए। गुरु ही हमें सच्चा मार्ग दिखाते हैं। उन्होने कहा कि इंसान को अपने जीवन में संसार में प्रेम से रहना चाहिए और पुण्य के कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य प्रेम से रहे, पुण्य के कार्य करें तो स्वर्ग तो अपनी जन्मभूमि पर ही है। यह धरती हमें धन धान्य देती है। भाऊ जी महाराज ने कहा कि भारत माता सबसे अच्छी है। वे कई देशों में गए कई स्थानों पर तोधूप ही नहीं निकलती। हमारा देश सबसे अच्छा है। विदेशों में भी अब भारत का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। सभी को मिलकर देश के लिए काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनुष्य जन्म मिला है तो इस जन्म में अच्छा कार्य करें, पुण्य के कार्य करें। उन्होने शिवरात्रि पर संत्सग भी कराया। इस मौके पर विश्व हिन्दु परिषद के जिलाध्यक्ष देवर्षि द्विवेदी, दिनेश राठौर, सुरेश गुप्ता, प्रेस क्लब के महामंत्री विशुन कुमार, रिषी द्विवेदी मौजूद रहे।



वार्ता करते भाऊ जी महाराज।

### नेत्र शिविर में 595 का रोगियों का हुआ परीक्षण

**भरथना, इटावा।** चौधरी रघुराज सिंह स्मारक संस्थान इटावा के तत्वावधान में पूर्व सांसद रहे स्व. चौ. रघुराज सिंह की स्मृति में शशिप्रभा मैरिज होम में निशुल्क ग्रामीण नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिसमें 595 लोगों का परीक्षण हुआ, इनमें 90 लोग मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। जिनके निशुल्क ऑपरेशन श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर में किए जाएंगे। कार्यक्रम में संस्थान की ओर से आधा दर्जन वरिष्ठ समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। हिंदुस्तानी एकेडमी प्रयागराज के पूर्व अध्यक्ष डॉ उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पूर्वज हमारे सबसे बड़े देवता हैं। पूर्व प्राचार्य डॉ विद्याकांत तिवारी, भारत विकास परिषद पांचाल प्रांत के वित्त सचिव आलोक रायजादा ने विचार रखे। इससे पूर्व संस्थान की अध्यक्ष आशा दुबे ने डॉ राजेंद्र शुक्ला, रामपाल सिंह , ओपी दीक्षित, आनंद प्रकाश कौशल, दिवाकांत शुक्ला, रघुवीर सिंह यादव शामिल को समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया। वरिष्ठ नेत्र सर्जन डॉ. आर एस शुक्ला, नीरज शर्मा , राजौरे, प्रभाकर कटियार ने अपनी चिकित्सीय टीम के साथ 595 लोगों का परिक्षण किया। शिविर के संयोजन में सहयोगी संस्था भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के अध्यक्ष राजेश नारायण दुबे , चंद्रशेखर राठौर, राम प्रकाश पाल, केके त्रिपाठी, महेश चंद्र तिवारी अलकापुरी, हरिदत्त दीक्षित, घनश्याम तिवारी तथा श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने शिविर को सफल बनाने में विशेष सहयोग दिया।

**एक नजर**

### युवक ने लगाई फांसी

**इटावा।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव राय नगर में घरेलू कारणों से परेशान एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी रोहित कुमार 19 वर्ष पुत्र मुनेश कुमार घरेलू कारणों से परेशान था। इसी परेशानी के कारण उसने अपने घर में फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### खंदी फटने से फसलें हुईं जलमग्न

**बकेवर, इटावा।** व्यासपुर गांव के पास चंद्रपुरा शेरपुर रजबहा में खंदी फटने से 40 बीघा गेहूं सरसों आलू की फसलें जलमग्न हो गई और पानी खेतों में भर गया है। शनिवार की सुबह किसानों को फसलें डूबी नजर आई। किसानों ने रजबहा की फटी खंदी को जेसीबी की मदद से बंद करके पानी को रोका। उसके बाद किसानों ने राहत की सांस ली। किसान राम लखन, राघवेंद्र, जयवीर, आदर्श, सावित्री देवी, प्रदीप, संदीप, अजय, विजय, प्रवीण, रितेश, राम प्रकाश और ज्ञान सिंह की फसलें जलमग्न हुई हैं। किसानों ने मुआवजे की मांग की हैं।

### बाजार करने गया युवक हुआ लापता

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के गांव बिहारी भटपुरा से घर से बाजार जाने की बात कह कर निकला युवक घर वापस नहीं लौटा। किसी अनहोनी की आशंका से परेशान परिजनों ने सैफई थाने में तहरीर दी गई है। नगला बिहारी भटपुरा निवासी विश्राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उनका पुत्र विकास कुमार घर से बाजार जाने की बात कह कर निकला था। शाम तक वह घर वापस नहीं आया तो शाम के समय फ़ोन किया तो फोन बंद जा रहा। काफी खोजबीन करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं लग सका। शनिवार दोपहर के समय पिता की तरफ से पुलिस को लापता होने की तहरीर दी गयी जिस पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



अयोध्या रवाना होते सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया, जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व अन्य।

## रामलला के दर्शन को रवाना हुए भाजपाई

**इटावा।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर बने राम मंदिर में विराजे श्रीरामलला के दर्शन करने के लिए इटावा से जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया के नेतृत्व में 70 बसों से 4000 भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता शनिवार की सुबह अयोध्या रवाना हुए।

सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी बहुत ही सौभाग्यशाली है कि उन्हें रामलला के ऐसे दर्शन करने का अवसर मिल रहा है। भगवान के आशीर्वाद और इच्छा के कारण एवं पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा की प्रतिबद्धता के कारण यह देव कार्य संभव हो पाया। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने बताया कि जनपद इटावा जिले की तीनो विधानसभा के प्रत्येक मंडल से पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ को अयोध्या ले जाने की व्यवस्था की गई है। 70 बसों से 4000 कार्यकर्ता श्रीरामलला के दर्शन के लिए रवाना हो रहें है। सांसद की पत्नी डॉ मृदुला कठेरिया, जिला महामंत्री अन्नू गुप्ता, शिवाकांत चौधरी, हरनाथ कुशहवाह, विमल भदौरिया, संजीव भदौरिया, विनीता गुप्ता, विरला शाक्य, मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, मुकेश यादव, अंकित सैनी, प्रीति दुबे, ओम प्रताप गौर बंटू, राहुल राज वर्मा, सुनीता तिवारी, ममता गुप्ता, राजकुमारी तिवारी, ज्योति सक्सेना, साधना सक्सेना दर्शन करने गए हैं।

## दर्दनाक : प्रेमी युगल ने ट्रेन के सामने कूदकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राहतपुरा के पास स्थित काशीराम कॉलोनी के सामने रेलवे ट्रैक पर शुक्रवार की रात को एक प्रेमी युगल ने किसी ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दी। प्रेमी युगल के ट्रेन के सामने कूदकर जान देने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिनाख्त का प्रयास किया। दोनों की शिनाख्त लोकासई के रहने वाले आकाश व नीलम के रूप में की गई।

बताया गया है कि फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के गांव लोकासई के रहने आकाश राजपूत 22 वर्ष पुत्र राम खिलाड़ी का अपनी ही सजातीय पड़ोस में रहने वाली नीलम से प्रेम संबंध चल रहा था। दोनों शादी करना चाहते थे लेकिन एक ही गांव के होने के कारण परिवार के लोग शादी करने से इंकार कर रहे थे। दोनों के बीच प्रेम संबंध की जानकारी होने पर नीलम को परिवार के लोगों ने रिश्तेदारी में भेज दिया था। अभी कुछ ही दिनों पहले वह वह अपने घर आई थी। परिवारीजनों के राजी न होने से परेशान होकर दोनों किसी तरह से शुक्रवार की शाम को घर से निकल आए और दोनों ने राहत पुरा के पास ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी।

शुक्रवार देर रात करीब ढाई बजे आरपीएफ को जानकारी मिली कि दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर राहतपुरा काशीराम कॉलोनी के सामने रेलवे लाइन पर दो शव पड़े हुए हैं इस बात की जानकारी आरपीएफ ने सिविल लाइन थाना पुलिस को दी । मौके पर पहुंची सिविल लाइन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और उनकी पहचान करने में जुट गई। पहचान में पता चला कि फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले दोनों युवक युवती है। इसकी जानकारी सिविल लाइन पुलिस ने परिवार के लोगों को दी मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने युवक युवती की पहचान कर ली। सिविल लाइन पुलिस ने बताया कि घटना रात करीब दो बजे की है ।



पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद परिवार के लोग।

## कृषि विवि के कुलसचिव ने किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** चंद्र शेखर आज़ाद कृषि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय, सहायक कुलसचिव एसके श्रीवास्तव एवं सत्येन्द्र कटियार कृषि इंजीनियरिंग कालेज इटावा परिसर में चल रही कृषि, मत्स्य एवं दुग्ध महाविद्यालयों की फाइनल परीक्षाओं का निरीक्षण किया। कुलसचिव ने प्रत्येक कमरे में जा कर चल रही परीक्षाओं की व्यवस्था को बारीकी से देखा। व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए केंद्र अधीक्षक डॉ एनके शर्मा, अधिष्ठाता कृषि अभियंत्रण संकाय को विद्यार्थियों का शीघ्र पंजीकरण कराकर कक्षायें प्रारंभ करने के निर्देश दिये। उन्होंने अंतिम वर्ष के छत्रों से मुलाक़ात करते हुए उनकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वाशन दिया। इस अवसर पर उनके साथ महाविद्यालय के उप कुलसचिव डॉ. पीकेएस भादौरिया, प्रभारी परीक्षा इंजी ब्रजेश कुमार यादव तथा डॉ. देवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे।



परीक्षा का निरीक्षण करते कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय। अमृत विचार

## नमाजियों के साथ दुर्व्यवहार निंदनीय

**इटावा।** दिल्ली में नमाज पढ़ रहे लोगों के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर सपा जिला उपाध्यक्ष आलोक दीक्षित ने रोष व्यक्त करते हुए कड़े शब्दों मे निंदा की है। उन्होंने कहा कि नमाज़ के दौरान सजदा करते युवकों के साथ दिल्ली पुलिस का ये कैसा व्यवहार है। अगर किसी स्थान विशेष पर नमाज पढ़ने को लेकर प्रशासन को आपत्ति थी तो अन्य भी तरीक़े हो सकते थे। दोषी पुलिस कर्मियों को सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए।

## अपहरण के तीन आरोपी बरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम आलोक कुमार ने 26 साल पुराने अपहरण के एक मामले की सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया।

लवेदी थाना क्षेत्र के गांव टकरूपुरा निवासी गंगा चरन ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उसका पुत्र सुनील कुमार सेतु निगम में गार्ड के पद पर तैनात था। उसकी ड्यूटी सहसों चंबल पुल पर थी। 21 मार्च 1997 की शाम को वह ड्युटी समाप्त कर साइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था । जब वह डिभौली व टकरूपुरा गांव के बीच पहुंचा तभी बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया और बीहड में ले गए। पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी। बाद में निर्भय गैग ने उससे पांच लाख इक्यावन हजार रुपया की फिरौती का पत्र दिया । छह मई 1997 को वह गैंग से छूटकर आया। सुनील के छूटकर आने के बाद उसने एसएसपी से मिलकर अपहरण में शामिल लोगों के बारे में बताया। बाद में पुलिस ने निर्भय गूजर मुन्नी देवी के अलावा सुनीत पुत्र देवदत्त निवासी मानपुर चकर नगर अखिलेश पुत्र हरनारायण निवासी टकरूपुरा व जय प्रकाश पुत्र विद्याचरन निवासी सब्दल पुरा के नाम प्रकाश में आए। बाद में पुलिस ने इन लोगों के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए। बाद में निर्भय व मुन्नीदेवी की मौत हो गई। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। दोनों पक्षों की दलीले सुनने के बाद कोर्ट ने साक्ष्यों के अभाव में सुनीत अखिलेश व जय प्रकाश को बरी कर दिया।



छात्राओं को पुरस्कृत करते डॉ. कैलाश यादव। अमृत विचार

## नारी शक्ति फिटनेस रन में ऋचा व मोहिनी रहीं प्रथम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारत सरकार के नेहरू युवा केंद्र एवं पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन किया गया।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित महिला फिटनेस रनमें बढ़पुरा ब्लाक में ऋचा यादव और बसरेहर ब्लाक में मोहिनी को प्रथम स्थान मिला। जिला युवा अधिकारी सोनिका चन्द्रा और पानकुंवर के प्रबंधक डा. कैलाश यादव ने दौड़ का उदघाटन किया। पांच सौ मीटर की दौड़ में 25 बालिकाओं ने भाग लिया। प्रबंधक डॉ कैलाश चंद यादव ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक और राजनैतिक समानता दिलवाने के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला युवा अधिकारी सोनिका चंद्रा ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है एवं आपने अधिकारो के प्रति धीरे धीरे सजग हो रही है। संचालन कविता ने किया। पंचायत प्रधान पारुल ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का उद्घाटन किया। जहां प्रथम स्थान मोहिनीं, द्वितीय मुस्कान एवं तृतीय स्थान रागिनी ने हासिल किया। विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। नेहरू युवा केंद्र इटावा के लेखाकार श्रवण कुमार बाथम , खंड स्वयंसेवक प्रियंका ,धारवी मौजूद रहीं।

**खेल के मैदान से** | ओवरआल चैंपियन छात्र में साहिल एवं छात्राओं में राखी ने जीती ट्राफी

## शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनाते हैं खेल : प्रो. महेन्द्र

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** केके कॉलेज इटावा के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति 2024 के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम इटावा में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। समापन समारोह में प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने कहा खेलों से मानवीय मूल्यों एवं सामूहिक चेतना का विकास होता है। खेल शारीरिक मजबूती के साथ मानसिक रूप से भी हमें मजबूत बनाते हैं।

दो दिन के क्रीड़ा समारोह में छात्र छात्राओं ने बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। समापन समारोह में प्रबंध समिति के उपमंत्री एवं योग शिक्षक डॉ. श्रीकांत ने कहा कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए खेल एवं योग सभी के लिए आवश्यक है। उत्कृष्ट आयोजन के लिए प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह, आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर एवं क्रीड़ा समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी।

इस अवसर पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ.उमेश यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी। कोषाध्यक्ष सलिल वर्मा ने अंगवस्त्र, बुके व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया।

विभिन्न प्रतियोगिताएं खेल स्टेडियम में हुईं, जिसमें 800 मीटर दौड़ छात्र में प्रथम साहिल, द्वितीय टिंकल शर्मा तथा तृतीय स्थान प्रशांत वर्मा ने प्राप्त किया। गोला फेंक छात्र में प्रथम गजेंद्र, द्वितीय टिंकल शर्मा एवं तृतीय स्थान रॉकी ने प्राप्त किया।

3000 मी. छात्र दौड़ में प्रथम साहिल, द्वितीय टिंकल शर्मा व तीसरा स्थान प्रशांत ने प्राप्त किया। खेलकूद प्रतियोगिता में ओवरआल चैंपियन पुरुष का ख़िताब बी ए तृतीय वर्ष के साहिल और ओवरआल चैंपियन महिला का ख़िताब बीए द्वितीय वर्ष की राखी ने प्राप्त किया। आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर ने सभी का आभार प्रकट किया। समारोह का समापन राष्ट्र गान के साथ हुआ।



खेलकूद में विजेताओं के साथ प्राचार्य महेंद्र सिंह एवं अन्य। अमृत विचार

## दौड़ प्रतियोगिता में कीर्ति प्रथम व प्रिया रहीं द्वितीय

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र संगठन ने युवती वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता जनता कॉलेज बकेवर खेल मैदान पर करायी। जनता कॉलेज बकेवर के प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ का उदघाटन किया। प्रतियोगिता में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया । प्रथम स्थान पर कीर्ति , द्वितीय स्थान पर प्रिया , तृतीय स्थान पर तनु रहीं । कार्यक्रम संयोजक आदित्य मोहन शर्मा ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक एड आदित्य मोहन शर्मा, पूर्व प्राचार्य डा एमपी यादव, पीटीआई मीनू त्रिपाठी, प्रो. नवीन अवस्थी, अजीत अग्नोहत्री, देवेश चौबे, रत्ना शुक्ला कर्मचारी अनिल कुमार, आशीष दुबे, निकेतन गुप्ता, गुड्डन, रिंकू मौजूद रहे।



विजेताओं को पुरस्कृत करते प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर। अमृत विचार

# अनियंत्रित ऑटो गड्ढे में पलटने से चालक की हुई मौत, मचा कोहराम

## चार मार्च को हुई थी शादी, स्कूली बच्चे छोड़कर वापस आ रहा था

संवाददाता, अजीतमल, औरैया



अंकित।



हादसे में क्षतिग्रस्त ऑटो।

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिरिया के पास एक ऑटो अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने ऑटो के नीचे दबे चालक को बाहर निकाला और उसको सीएचसी ले गये यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की चार मार्च को शादी हुई थी। मृतक की पत्नी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

बारेपुर निवासी 24 वर्षीय अंकित यादव पुत्र प्रताप सिंह यादव की शादी चार मार्च को कानपुर के नसीरपुर गांव निवासी ज्योति से हुई थी। अंकित अपने गांव में अपने भाई सतपाल यादव के साथ प्राइवेट स्कूल की ऑटो चलाता था। शनिवार को छुट्टी होने के बाद बच्चों को ऑटो से बारेपुर से छोटी बिरिया छोड़ने गया था वहां से वापस आते समय रास्ते में किसी अज्ञात वाहन को बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरा। जिससे अंकित ऑटो के बीचोबीच दब गया। ग्रामीणों की मदद से अंकित को ऑटो से बाहर निकाला गया। राहगीर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गये, जहां डॉक्टरों ने देखते ही अंकित को मृत घोषित कर दिया। शव को घर लाने के उपरांत परिजनों को अंदेशा हुआ कि अंकित अभी जीवित है तो वे अंकित के शव को इटावा अस्पताल ले गए, वहां पर भी डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

परिवारीजन अंकित के शव को लेकर घर आ गए। ग्रामीणों के अनुसार कल अंकित की चौथी चलकर गई थी। पत्नी ज्योति को मृत्यु की सूचना मिलते ही ससुरालीजनों के साथ आनन फानन में सभी लोग मृतक के घर पहुंचे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली है। परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम करने से मना किया। पंचनामा भरकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**अछल्दा, औरैया।** थाना क्षेत्र के मेहना गांव निवासी साहिल यादव पुत्र श्याम सिंह यादव 24 फरवरी की रात को अपनी बाइक से अछल्दा से गांव जा रहा था। तभी कैला माता मंदिर गुनौली के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी, जिससे वह गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया था। निकल रहे राहगीरों ने एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजन उपचार के लिए उसे सैफई ले गये। जहां 8 मार्च शुक्रवार शाम 4 बजे इलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी और शव को इटावा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार शाम को गांव में शव आने पर कोहराम मच गया।



साहिल यादव।

## दो पक्षों में मारपीट युवक घायल

**अजीतमल औरैया।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भदसान निवासी कुशल राजावत पुत्र रविन्द्र सिंह को गांव के कुछ दबंगों ने मिलकर मारपीट कर दी जिससे उसके नाक और मुंह से खून आ गया घायल अवस्था में कोतवाली आया।

पीड़ित ने बताया कि शनिवार को तबियत खराब होने से दवाई लेने जा रहा था, तभी अखिलेश उर्फ कुवरे पुत्र भूरे राठौर ,अनुज शर्मा उर्फ पतरे पुत्र नारायन उर्फ माली, कुन्नू पुत्र कल्लू, कल्लू पुत्र लल्लन सिंह निवासीगण भदसान रास्ते में खड़े थे। जब मैं निकला तो गाली - गलौज करने लगे,जब मैंने गाली देन से मना किया तो सभी ने एक राय होकर मारपीट कर दी। जिससे मुझे मुंह और नाक आदि जगह चोटें आई हैं।

कहा कि अगर रिर्पोट की तो जान से मार देंगे। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया।



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

# कशिश, शिफा व कोमल ने मारी बाजी

संवाददाता ककोर,औरैया

- नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित हुई प्रतियोगिता

**अमृत विचार।** नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में अजीतमल ब्लॉक के अली अकेडमी दलेल नगर एवं औरैया ब्लाक के श्री गोपाल इंटर कॉलेज बमुरीपुर ग्राम पंचायत में नारी सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत महिला दौड़ प्रतियोगिता का कार्यक्रम संपन्न हुआ। देश और प्रदेश की सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी गई। प्रत्येक ब्लॉक से 25 महिलाओं का चयन किया गया । 200 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता में भाग लिया। विजय प्रतिभागियों को मेडल एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी अनवर वारसी ने कहा युवाओं का विकास ही देश का विकास है ।

इस अवसर पर योगाचार्य अजय राजपूत ने कहा युवा अपनी शक्ति का इस्तेमाल कर देश को समृद्ध बनाने में अपना योगदान दे विकासशीलभारत के लिए युवाओं की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। अली अकाडमी के दलेल नगर की शिल्पी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश ने द्वितीय स्थान वर्षा ने तृतीय स्थान की प्राप्त किया। द्वितीय स्पर्धा में शिफा ने पहला, लक्ष्मी द्वितीय व अलीशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार गोपाल इंटर कालेज बमुरीपुर की नंदिनी ने प्रथम, कोमल ने द्वितीय स्थान और दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहां के अध्यापक गणों एवं प्रधानाचार्य ने विजयी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से फिल्म अभिनेता बलवंत राज, आदर्श कुमार, रवि, आशुतोष यादव आदि मौजूद रहे।

# तमंचा और कारतूस के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, फफूंद, औरैया

- औरैया के अलावा पांच अन्य जिलों में 11 मुकदमे दर्ज हैं

**अमृत विचार।** थाना पुलिस ने शुक्रवार की रात गश्त के दौरान एक शातिर अपराधी को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास एक तमंचा और कारतूस बरामद हुआ पकड़े गए अपराधी पर औरैया के अलावा पांच अन्य जिलों में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

शुक्रवार की रात थाना पुलिस पाता क्षेत्र में गश्त कर रही थी पाता नहर पुल के नजदीक पहुंचते ही सड़क पर खड़ा एक युवक तेजी से भागने लगा। जिस पर पुलिस ने उसे घेरकर दबोच लिया। तलाशी में उसके पास एक 315 बोर का तमंचा और एक कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम शेर सिंह निवासी रामगढ़ बताया। थानाध्यक्ष गंगा दास गौतम ने बताया कि पकड़ा गया युवक शातिर अपराधी है और उस पर औरैया के अलावा नोएडा, कन्नौज, उन्नाव, कानपुर देहात, गौतमबुद्ध नगर में 11 मुकदमे दर्ज हैं।

# चोरों ने पार किये लाखों के जेवर व नकदी

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा के नेविलगंज मोहल्ला में चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी पार कर दिये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर जल्द ही घटना का राजफाश किये जाने का आश्वासन दिया है।

नेविलगंज निवासी संजय शाक्य पुत्र बदनलाल शाक्य ने थाने में दिये शिकायती पत्र में बताया कि बीती रात अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे से चढ़कर दूसरी मंजिल पर बने कमरे का ताला तोड़कर दिया। इसके बाद अलमारी में रखे जेवरात व नकदी पार कर दी। सूचना पर पहुंचे सीओ अशोक कुमार, थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव, कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार, उपनिरीक्षक सतीशचंद्र ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। थाना प्रभारी रवि श्रीवास्तव ने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।



घटनास्थल पर जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

# बीमारी से परेशान वृद्ध ने फांसी लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर में एक वृद्ध ने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तिलक नगर निवासी राकेश कुमार पोरवाल (74 वर्ष) ने शुक्रवार को किसी समय अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह जब काफी देर तक उनका कमरा नहीं खुला तो परिजनों को चिंता हुई, तो उन्होंने खिड़की से अंदर झांक कर देखा तो राकेश कुमार फंदे से लटकते हुए दिखाई दिये। इस पर परिजनों ने किसी प्रकार से दरवाजा खोलकर शव को नीचे उतारा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। मोहल्ले के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पत्नी की भी पहले मौत हो चुकी है और उसके कोई संतान नहीं थी। काफी समय से वह बीमार भी चल रहे थे। शायद इसी से परेशान होकर उन्होंने फांसी लगाकर जान दे दी है।

## गोगा आश्रम में वार्षिकोत्सव 12 को

**औरैया।** पुरानी दिबियापुर मार्ग स्थित श्री कृष्णेश्वर गोगा आश्रम में 12 मार्च को नवम् वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा । आयोजक पूर्व सभासद मालती देवी एवं सभासद कृष्ण कुमार कश्यप ने बताया कि मंगलवार को प्रातः आठ बजे से हवन एवं पूर्णाहूति आदि धर्मानुष्ठान कार्यक्रम होंगे जबकि अपराह्न दो बजे से कन्या भोज के साथ होने वाले भण्डारे में प्रसाद वितरण होगा। आयोजन से जुड़े राम औतार हलवाई, बृजमोहन , आत्माराम, गया किशोर एवं शिवकुमार यादव ने नगर वासियों से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

# त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की हुई अपील

संवाददाता, फफूंद, औरैया



बैठक के दौरान चर्चा करते लोग। अमृत विचार

- पीस कमेटी की बैठक में रमजान और होली पर्व शांति से मनाने पर चर्चा

**अमृत विचार।** शनिवार को थाना परिसर में आगामी पवित्र माह रमज़ान व होली के त्योहार के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में नगर व क्षेत्र के सम्भ्रांत लोगों ने पहुंचकर अपने अपने विचार रखे और आने वाले त्यौहारों को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की बात कही।

शनिवार को थानाध्यक्ष गंगादास गौतम की अध्यक्षता में थाना परिसर में पवित्र माह रमज़ान व होली के त्यौहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे पहुंचे लोगों से थानाध्यक्ष ने आपसी सौहार्द के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की।

उन्होंने कहा कि अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नज़र रहेगी और किसी भी प्रकार की अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में पहुंचे समाजसेवी इज़हार अहमद, मानवेन्द्र पोरवाल उर्फ बब्बू भैया, सुरेश अवस्थी ने अपने अपने विचार रखते हुए नगर की समस्याओं तथा होली जलने के स्थानों की जानकारी दी। बैठक में सभासद शब्बीर कुरैशी, मुरसलीन खान, इसरार खान, शानू खान आदि लोगों ने आगामी रमज़ान व होली के पर्व को आपसी सौहार्द के साथ मनाने की बात कही।

# भक्ति व सत्य की प्रतिमूर्ति भक्त ध्रुवः आचार्य चंद्रेश

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** ध्रुव और प्रहलाद ईश्वर के प्रति अटल विश्वास और भक्ति व सत्य की प्रतिमूर्ति हैं। वे दोनों माया-मोह को छोड़कर एक ही आधार प्रभु विष्णु को अपना आराध्य मानने वाले हैं। वे हरि के सच्चे भक्त हैं। भक्ति करनी है तो इन दोनों के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

ये बातें भाग्यनगर ब्लाक के ग्राम दसरौरा में चल रही भागवत कथा में तीसरे दिन ध्रुव चरित्र व भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन करते हुए कथा प्रवक्ता चंद्रेश जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण है उन पर अटूट विश्वास। वे प्रभु पर अटूट विश्वास करते हुए भक्ति करते हैं। उन्हें प्रभु की कृपा अवश्य मिलती है। वर्तमान में बच्चों में अच्छे संस्कार के लिए उन्हें भक्त ध्रुव व प्रहलाद की कथा अवश्य सुनानी चाहिए। इससे उनमें अच्छे भाव व संस्कार जन्म लेते हैं। इस दौरान श्रद्धालु भाव-विभोर होकर दिव्य कथा का श्रवण करते रहे। परीक्षित अवधेश मिश्रा एडवोकेट ,सुरेश मिश्रा एडवोकेट,जिला शासकीय अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा,अतुल मिश्रा सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने बताया कि भागवत कथा 13 मार्च को संपन्न होगी और 14 मार्च को हवन, भंडारा संपन्न होगा । भागवत कथा में पूर्व राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत,जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अशोक अवस्थी, हृदय नारायण पांडेय, सुरेश मिश्रा, मृदुल मिश्रा, श्याम नरेश यादव, अंशू यादव, सपा नेता बाबा रामनरेश यादव,भाजपा नेता आशाराम राजपूत अमित चतुर्वेदी के अलावा गणेश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# खोदाई के चलते खराब हुई सड़कें

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत दिबियापुर नगर क्षेत्र में हर घर नल लगाने हेतु सभी वार्डों में पाइप लाइन डाली जा रही है। कार्यदायी संस्था द्वारा इस काम को कई ठेकदारों से कराया जा रहा है। जल्दबाजी में हो रहे काम से कई जगह सड़कें बदसूरत हो गयी हैं।

सड़कों के बीचों बीच खुदाई कर अंडर ग्राउण्ड पाइप लाइन बिछाई गयी है। कई जगह खुदाई के दौरान घनी आबादी में नालियां और सड़कें टूट फूट के बाद छतिग्रस्त हो गयी हैं। वहीं कुछ स्थानों पर काम पूरा होने के बावजूद इंटरलाकिंग सड़क दुरुस्त नहीं हो सकी है। इन्दिरा गांधी विद्यालय के लिए जाने वाले पहुंच मार्ग की हालत काफी बदतर हो गयी है। ऐसी ही हालत झपटियापुर चौराहा से जोगी वाली पुलिया के बीच बनी सड़क की भी है। जहाँ चौराहा से लेकर काफी दूर तक सीसी ईट लगाने की फिक्र जिम्मेदारों को नहीं रही। इसके अलावा बहरे वाली पुलिया से सेटं साईं नाथ कालेज की ओर तथा सहायल तिराहा से ठेका वाली गली की लिंक गलियों में भी काम पूरा होने के बाद मानक विहीन सड़क मरम्मत कार्य हुआ। बीते दिनों हुयी वारिश से जल निगम के द्वारा किये गये मरम्मत कार्य की पोल खुल गयी है। अधिकतर स्थानों पर मिट्टी धसकने से इंटरलाक सड़कों पर गड्ढे हो गये हैं । इस सम्बध में सभासद सचिन गुप्ता ने बताया कि काम में जल्दबाजी के चलते समस्या पैदा हुई है। मौके पर मौजूद कार्यदायी संस्था के लोगों से कहा भी गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई ।

इस सम्बध में नगर पंचायत के सभासद एवं भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष रिशी पोरवाल, सभासद राजीव शर्मा एवं सभासद ममता देवी आदि ने जिलाधिकारी से कार्य के दौरान खराब हुयी सड़कों की जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।



पाइप लाइन डालने के बाद खुदी एवं धंसी पड़ी इंटरलाकिंग सड़क। अमृत विचार

**उज्ज्वला योजना** | गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रहीं 40 महिलाओं को दिये गये मुफ्त गैस कनेक्शन,जताया हर्ष

# मुफ्त दिया गया गैस सिलिंडर और चूल्हा

कार्यालय संवाददाता,औरैया



जानकी भारत गैस एजेंसी पर उज्ज्वला गैस चूल्हा वितरित करते संचालक कृष्णा मिश्रा व साथ में अमित चतुर्वेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाज के सभी गरीब वर्ग की महिलाओं के लिये प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी उज्ज्वला योजना का लाभ दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत मुफ्त गैस कनेक्शन का लाभ देने के लिए सहार विकास खंड की ग्राम पंचायत असेनी स्थित जानकी भारत गैस एजेंसी की ओर से शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना में लाभार्थी महिलाओं को बिना किसी धनराशि के गैस सिलिंडर, चूल्हा, पाइप और गैस दी गई। उज्ज्वला योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही 40 महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन बांटे गये।

जानकी भारत गैस एजेंसी के संचालक कृष्णा मिश्रा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की यह योजना गरीब महिलाओं के लिए एक सौगात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में इसको लेकर जबरदस्त उत्साह है। अब तक इस योजना के तहत 10 हजार मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जा चुके हैं। खासतौर से गरीब महिलाएं उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन पाकर काफी खुश दिखीं। इस दौरान गीता मिश्रा, भाजपा मीडिया प्रभारी अमित चतुर्वेदी, राघव ठाकुर, दीपक प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## गैस सिलिंडर के दाम कम होने से महिलाओं में खुशी की लहर

**बिधूना, औरैया।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर और लोकसभा चुनाव से पूर्व देश की आधी आबादी को लुभाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में की गई सौ रुपये की कमी को ग्रहणियों ने केंद्र सरकार का एक सराहनीय कदम बताया है। महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ की जिलाध्यक्ष ज्योत्स्ना गुप्ता ने कहा कि चुनाव के मद्देनजर ही सही केंद्र सरकार के इस निर्णय से महिलाओं को किचन के बजट को बनाने में काफी सहूलियत मिलेगी। भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सिंह चौहान ने कहा कि भाजपा सरकार महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। प्रेमलता ने कहा कि केंद्र सरकार ने होली के त्योहार के समय महिलाओं को यह तोहफा देकर दिल जीत लिया है। इस अवसर पर सुनीता राजावत, ऊषा कठेरिया, नीरज शाक्य, सविता राजावत, सुलोचना प्रजापति आदि महिलाओं ने भी घरेलू गैस सिलिंडर के दामों में की गई सौ रुपये की कमी को केंद्र सरकार का सराहनीय क़दम बताया है।




सीएनजी पंप पर गैस भरवाते वाहन । अमृत विचार

# सीएनजी की कीमत में 2.50 रुपये प्रति किलो की कमी

**औरैया।** टोरेंट गैस, जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा 34 जिलों में कमप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है। औरैया परिचालन क्षेत्रों में सीएनजी के विक्रय मूल्य में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी की घोषणा की है। इससे सीएनजी, पेट्रोल के मुकाबले 37 फीसद तक सस्ती हो जाती है। सीएनजी की कीमतों में यह कमी स्वच्छ ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने और प्राकृतिक गैस के पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है। टोरेंट गैस के प्रबंध निदेशक मनोज जैन ने गैस की कीमतों में कमी के बारे में कहा, टोरेंट गैस हमेशा पर्यावरण के अनुकूल सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा देने में सबसे आगे रही है। सीएनजी की कीमतों में इस कमी से नए सीएनजी वाहनों का वृद्धि बढ़ने और ट्रांसपोर्ट सेगमेंट में प्राकृतिक गैस की खपत बढ़ने की उम्मीद है।

# पोषण रैली को किया रवाना

**औरैया।** शनिवार को ब्लॉक अछल्दा के आंगनबाड़ी केंद्र औतों में पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन चतुर्वेदी ने 3 से 6 वर्ष के बच्चों के साथ पोषण रैली का आयोजन किया।

पोषण रैली को हरी झंडी दिखाकर कंपोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक लोकेश शुक्ला जी ने पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन किया। आगनबाड़ी कार्यकर्ता सुमन चतुर्वेदी ने बच्चों के माध्यम से पोषण मटकों से सैम मैम और सामान्य का प्रदर्शन किया । निधि ने हरे रंग के मटके से सामान्य स्वस्थ होना दर्शाया। आशा ने पीले रंग के मटके से मैम अर्थात मध्यम कुपोषित को दर्शाया अर्थात मैम श्रेणी के बच्चे को सामान्य दिनों से अधिक पोषण की आवश्यकता है ।वर्तिका ने लाल मटके को लेकर सैम श्रेणी अर्थात गंभीर कुपोषित को दर्शाया । लाल रंग वैसे भी खतरे का निशान होता है अर्थात् बच्चे को तुरंत पोषण पुनर्वास केंद्र ले जाकर इलाज करवाएं।

सुमन चतुर्वेदी ने बताया की हर वर्ष मार्च महीने में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है । इस वर्ष 9 मार्च से पूर्ण होकर 23 मार्च तक चलेगा। जिसमे प्रतिदिन विभिन्न गतिविधि गर्भवती माताओं , धात्री माताओं 0 से 6 वर्ष के बच्चों के साथ आयोजित किया जाएगा । रैली में 3 से 6 वर्ष के 42 बच्चों ने प्रतिभाग किया। स्कूल अध्यापक शिवप्रेमचंद, वीरेंद्र, अमरसिंह ने प्रतिभाग किया।




हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना करते प्रधानाध्यापक लोकेश शुक्ला।

# 18,393 वादों का कराया गया निस्तारण

## राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह- समझौते के आधार पर मुकदमों को खत्म किया गया, खुशी- खुशी लौटे

संवाददाता बिधूना औरैया

**अमृत विचार।** न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय, प्रयागराज, राम मनोहर नारायण मिश्रा तथा जनपद न्यायाधीश औरैया ग्रीश कुमार वैश्य के निगरानी में जनपद न्यायालय, औरैया एवं बाह्य न्यायालय बिधूना तथा जनपद औरैया के विभिन्न राजस्व न्यायालयों तथा अन्य विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन ग्रीश कुमार वैश्य जनपद न्यायाधीश औरैया, शमनराज सिंह, विशेष न्यायाधीश, पॉक्सो तथा समस्त न्यायिक अधिकारीगण द्वारा सरस्वती वंन्दन तथा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश, औरैया द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारीगण को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित कर लोक अदालत को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया।

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, औरैया स्वाति चन्द्रा द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत शनिवार को कुल 18255 वादों का निस्तारण हुआ जिसमें कुल ऋण की वसूली 2,16,56,855 रुपये व न्यायालयों द्वारा अधिरोपित अर्थदण्ड 6,38,480 रुपये की वसूली की गयी व 1.11,47,122 रूपये का प्रतिकर प्रदान किया गया। जनपद न्यायाधीश ग्रीश कुमार वैश्य द्वारा एक वाद निस्तारित किया गया। एमएसीटी औरैया में कुल 13 क्लेम तय कर पीड़ितों को 99,34,717 रूपये का प्रतिकर एवार्ड दिया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, औरैया के कुल 15 वाद तय हुये। स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष इन्द्रदेव दुबे द्वारा 17 वाद निस्तारित किये गये, जगन्नाथ मिश्रा अध्यक्ष, उपभोक्ता फोरम द्वारा 14 वाद निस्तारित कर कुल 1212405 रुपये का प्रतिकर प्रदान किया गया, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनराज सिंह द्वारा 05 वाद, अपर जिला जज प्रथम विकास गोस्वामी द्वारा विद्युत अधिनियम के 264 वाद, विशेष न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट सैफ अहमद द्वारा 7 वाद, संजय सिंह अपर जिला जज द्वितीय द्वारा 05 वाद, अत्तीकुददीन अपर जिला जज एफी.सी. प्रथम द्वारा 01 वाद, सुनील कुमार अपर जिला जज एफटी.सी. द्वितीय द्वारा 17 वाद, जीवक कुमार, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, औरैया द्वारा 1404 वाद, निधि सिसौदिया, सिविल जज (सी. डी.) औरैया द्वारा 401 वाद, तारकेश्वरी प्रसाद सिंह, अपर सिविल जज (सी. डी.) औरैया द्वारा 287 बाद, दिवाकर कुमार, सिविल जज ((सी. डी.) एफटीसी द्वारा 325 वाद, प्रवीण सिंह, सिविल जज (जू. डी.) औरैया द्वारा 378 वाद, शालिनी त्यागी, न्यायिक मजिस्ट्रेट, औरैया द्वारा 701 वाद, निशा अली अपर सिविल जज ((जू. डी.) एफटीसी महिलाओं के विरूद्ध अपराध औरैया द्वारा 367 वाद, बाह्य न्यायालय, बिधूना में तैनात शमशुल हसन सिविल जज ((जू. डी.) बिधूना द्वारा 663 वाद निस्तारित किये गये। इसके अलावा राजस्व विभाग द्वारा 6800 बाद. परिवहन विभाग द्वारा 3385 वाद, सब रजिस्ट्रार औरैया द्वारा 5568 वादों का निस्तारण किया गया। बैंकों द्वारा 283 वादों का निस्तारण कर 2,09,80,148 रूपये की बैंक ऋण जबूती की गयी। भारत संचार निगम द्वारा 98 मामले निस्तारण कर 1.92.345 रूपये ही वसूली की गयी। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 03 प्री-लिटिगेशन पारिवारिक मामले निस्तारित हुये।वहीं जनपद औरैया में 05, 06 व 07 मार्च को आयोजित विशेष लोक अदालत तथा शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 18,393 वादों का निस्तारण किया गया। इस राष्ट्रीय लोक अदालत ने पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत से अधिक वादों का निस्तारण तथा बम्पर रिकार्ड तोड़ा। ऐसा अभूतपूर्व प्रदर्शन न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा, प्रशासनिक न्यायाधीश सत्र संभाग औरैया के निर्देशन में सम्भव हो पाया।



राष्ट्रीय लोक अदालत कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी। अमृत विचार

## गर्भवती की हुई मौत, जांच शुरू

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र की निवासी एक गर्भवती महिला की अचानक तबियत बिगड़ गई। ससुरालीजन उसे इलाज के लिए ले गए। लेकिन, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पाता चौकी के गांव सींगनपुर निवासी अमन कुमार की 26 वर्षीय पत्नी ज्योति उर्फ माया गर्भवती थी। शुक्रवार की शाम अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उसे अकबरपुर अस्पताल ले गए। लेकिन, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। परिजनों ने मायके पक्ष को सूचना दी और शव को गांव ले आए शनिवार सुबह मायके पक्ष के लोग भी पहुंच गए और आशंका जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर थानाध्यक्ष गंगादास गौतम और पाता चौकी इंचार्ज भी फोर्स के साथ पहुंच गए और जांच पड़ताल की। मृतका के पिता रामचंद्र निवासी गांव सिलोरा थाना सिकंदरा कानपुर देहात ने पोस्टमार्टम कराए जाने की मांग की है। जिस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया मृतका की पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतका गर्भवती थी और उसकी तबियत बिगड़ने से मौत की जानकारी हुई है। पोस्टमार्टम कराया गया है।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं के लिए रक्षा कवच बनेगा पिंक बूथ

**जसवंतनगर, इटावा।** महिलाओं और युवतियों की सुरक्षा और पुलिस शिकायत के दौरान निजता का एहसास कराने के लिए नगर में बस स्टैंड चौराहे के पास महिला सहायता केंद्र पिंक बूथ की स्थापना की गई है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा, एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसडीएम दीपशिखा समेत सीओ विवेक जावला की मौजूदगी में फीता काटकर उद्घाटन किया गया। एसएसपी ने कहा कि पिंक बूथ कामकाजी महिलाओं, स्कूल जाती बच्चियों, बाजार जाने वाली महिलाओं के लिये सुरक्षा कवच साबित होगा। यह बूथ सत्यम शिवम सुंदरम को चरितार्थ करेगा। एसएसपी की धर्मपत्नी नीलम राय ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि अबला कमजोर नहीं,शक्ति का नाम नारी है। थाना प्रभारी कपिल दुबे ने बताया कि महिलाओं को उनकी सुरक्षा और अधिकार के लिए पिंक बूथ की सौगात दी गई है।

### नहर में मिला अज्ञात महिला का शव

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र में चडरौआ गांव के पास नहर में एक महिला का शव पानी में उतराता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शव को तीन दिन तक मोर्चरी में रखा जाएगा। शनिवार सुबह थाना क्षेत्र के गांव चडरौआ और कमारा के बीच अछल्दा–दिबियापुर नहर के पुल पर एक महिला का शव ग्रामीणों ने उतराता हुआ पानी में देखा। घटना की जानकारी होने पर मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। चौकीदार की सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई और शव को पानी से बाहर निकलवाया। शव बुरी तरह फूला हुआ था। मृतका लाल कुर्ता और पीले रंग का सलवार और आसमानी रंग का स्वेटर पहने हुए थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। लेकिन, पहचान नहीं हो सकी। पुलिस ने बताया कि शव की शिनाख्त कराने के लिए आसपास के थानों में फोटो भेजी गई है। जिससे उसकी पहचान हो सके। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया कि महिला का शव पुराना है और दूर कहीं से बहकर आया प्रतीत हो रहा है। जिसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### भगवान दास को मिला अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**इटावा।** नेपाल में एक ऐतिहासिक महत्व की अंतर्राष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार देशों नेपाल,भारत, यू एस तथा तंजानिया के रचनाकारों की सहभागिता रही। कविता प्रतियोगिता में पृथ्वीपुर इंटर कालेज के प्रवक्ता भगवान दास शर्मा प्रशांत को अंतर्राष्ट्रीय सम्मान मिला है। इस उपलक्ष्य मे प्रोफेसर शैलेंद्र शर्मा, नंद किशोर साह,कवि कमलेश शर्मा, कवि अनुराग मिश्र 'असफल', कवि बालमुकुंद दिवाकर, उपन्यासकार पंकज कुमार, कवि राघवेंद्र, कवि रविपाल 'खामोश', डॉ राजीव राज, रियाज़ इटावी, आदि ने बधाई दी।


भगवान दास शर्मा।

### सड़क हादसे में घायल सिपाही की हुई मौत

जसवंतनगर, इटावा। हाथरस थाने में तैनात सिपाही की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। शनिवार को उसका शव पैतृक गांव नगला मरदान पहुंचा तो मातम छा गया। गांव के अलावा आसपास के लोग भी अंतिम संस्कार में पहुंचे। अंतिम संस्कार के लिए शव अपने खेतों पर पहुंचा तो गारद ने अपने साथी को सलामी देकर अंतिम विदाई दी। ग्राम पंचायत चांदनपुर के गांव मरदान निवासी करीब 37 वर्षीय दुर्वेश यादव पुत्र श्याम बाबू यादव की हाथरस के थाने में सिपाही के पद पर तैनाती थी।

### मुफ्त सिंचाई योजना का लाभ की शर्त निर्धारित

**ककोर, औरैया।** प्रदेश में मुक्त बिजली योजना का फायदा लेने के लिए किसानों को पहले 31 मार्च 2023 तक का बिल जमा करना होगा। जिन किसानों का अभी तक बिल बकाया है। उनके लिए एक मुश्त समाधान योजना लाई गई है। जो प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने सभी विद्युत वितरण अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। इन जारी किए गए आदेश में पहले किसानों को 31 मार्च तक का बकाया बिल जमा करना होगा। जिन किसानों का बिल 31 मार्च का जमा है। उनको एक अप्रैल 2023 से मुफ्त बिजली योजना का फायदा मिल सकेगा।उन सभी के खाते जीरो करने के आदेश दे दिए गए हैं।


विरोध प्रदर्शन करते किसान। अमृत विचार

# रेलवे ने कीमती भूमि पर लिया कब्जा, आक्रोश

संवाददाता, कंचौसी, औरैया

- अधिकारियों से समाधान की लगा चुके हैं गुहार
- रेल अधिकारियों को बुलाने की मांग की, कोई नहीं पहुंचा

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन के पश्चिमी किनारे पर बन रहे रेलवे बिजली घर में सरकारी जमीन के साथ किनारे पड़ी नौगवां गांव के किसान ज्ञान प्रकाश, राजू पोरवाल, सुनील आदि आधा दर्जन किसानों की लगभग दो सौ मीटर कीमती भूमि रेलवे इन्जीनियरों व ठेकेदार ने मिलकर जेसीबी मशीन चलाकर जबरदस्ती मिलाकर सीमेंट सरिया डालकर कंक्रीट की मोटी दीवार बना ली है। जिसको बराबर किसानों द्वारा कब्जा करने से रोका जा रहा था।

मौके पर तहसील अधिकारियों के आदेश पर लेखपाल ने पैमाइश कर किसानों की जमीन छोड़ने को कहा था। लेकिन, रेल अधिकारियों ने एक न सुनी उल्टे किसानों को फंसाने की धमकी देते रहे। परेशान किसान दो बार जिलाधिकारी नेहा प्रकाश को पत्र देकर समस्या समाधान की मांग कर चुके है। लेकिन, अभी तक कोई हल न होने से विरोध करने के मूड में दिखाई दे रहे हैं। जिन्होंने शुक्रवार को मौके पर रेल अधिकारियों को बुलाने की मांग की, लेकिन कोई अधिकारी नहीं पहुंचा।

रेलवे इन्जीनियर टी.पी तिवारी का कहना है कि निर्माणाधीन भूमि रेलवे की है। यदि किसानों की है तो प्रतिकर दिया जायेगा। लेकिन किसानों को अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है।

# पुलिस जीप पर बैठकर युवती ने बनाई रील

कार्यालय संवाददाता औरैया

- मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार।** सोशल मीडिया पर रोजाना कोई न कोई ऐसा वीडियो वायरल होता है, जो लोगों में चर्चा का विषय बना होता है। लेकिन औरैया में शनिवार को एक पुलिस की सरकारी जीप पर बैठे एक युवती का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद जहां एक ओर अधिकारियों में खलबली मची है वहीं दूसरी ओर लोग वीडियो देखकर तरह-तरह के कमेंट कर रहे है। मात्र 14 सेकेंड के इस वीडियो में युवती जीप के बोनट में बैठकर बेधड़क होकर वीडियो बनाते नजर आ रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।



पुलिस की जीप पर बैठकर रील बनाती युवती। अमृत विचार

महाशिवरात्रि को देवकली मंदिर के पास खड़ी पुलिस की जीप पर बैठकर वीडियो बनाया गया है। रील के वायरल होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। आनन फानन में पुलिस युवती की तलाश में जुट गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र में महाशिवरात्रि को देवकली मंदिर के पास खड़ी पुलिस की सेकंड मोबाइल पुलिस जीप UP 79 G 0158 के बोनट पर बैठकर एक युवती द्वारा वीडियो बनाया गया ,फिर उसको एक गाने के साथ एडिट कर रील बनाकर वायरल किया गया। वायरल वीडियो जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं रील जिस अकाउंट से वायरल हुई है उसमे विनायक राव भरसेन वाले दिखाई दे रहा है। रील वायरल होते ही कोतवाली पुलिस एक्शन मोड में आ गई,और जांच पड़ताल में जुट गई।

वहीं सीओ एमपी सिंह ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर देवकली मंदिर पर सेकंड मोबाइल जीप का ड्राइवर न होने के कारण आरक्षी को भेजा गया था जो कि जीप को पार्किंग में खड़ी कर श्रद्धालुओं को लाइन लगवाने लगा था, उसी बीच एक युवती के द्वारा एक रील बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई। वहीं युवती के परिजनों को बुलाकर सख्त हिदायत दे दी गई है,और आरक्षी को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

# फ्लैग मार्च कर कराया सुरक्षा का अहसास

संवाददाता, सहार, औरैया

**अमृत विचार।** अर्धसैनिक बलों व थाना पुलिस के जवानों ने शुक्रवार को फ्लैग मार्च कर कस्बा वासियों को चुनाव के दौरान सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान पुलिस अफसरों ने सभी से शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील भी की। कहा कि सभी के एकजुट प्रयासों से ही चुनाव प्रक्रिया को सकुशल तरह से निपटाया जा सकता है। इसमें किसी भी तरह का खलल पैदा करने वालों से पुलिस पूरी सख्ती से निपटेगी।

उप जिलाधिकारी बिधूना हरिशचन्द्र, सीओ बिधूना अशोक कुमार, थानाध्यक्ष सहार विनोद कुमार के नेतृत्व में शनिवार को अर्धसैनिक बल व सिविल पुलिस ने पुरवा रावत, बिधूना तिराहा, शक्ति नगर, अंबेडकर, मैन बाजार पुरवा दान शाह समेत कई अन्य स्थानों पर पहुंचकर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थानाध्यक्ष ने नागरिकों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने में सभी का सहयोग अत्यंत जरूरी है। चुनाव के दौरान सभी लोग बगैर किसी दबाव व भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें।

यदि वोट के लिए कोई अनैतिक दबाव बनाता है या लालच देता है तो उसके बहकावे में कतई न आएं और इसकी जानकारी सीधे पुलिस को दें। अमन चैन का माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ पूरी सख्ती से कार्रवाई होगी।


पैदल मार्च करते सीओ व एसडीएम। अमृत विचार

अभियान | राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्राम उमरी में वोट जरूर देने की अपील की

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विवेकानंद ग्रामोद्योग महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट के तृतीय एक दिवस का शिविर का आयोजन शनिवार को ग्राम उमरी में किया गया। तृतीय शिविर के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने ग्राम उमरी में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रैली का आयोजन किया। मतदाता जागरूकता रैली का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर इकरार अहमद ने किया। उन्होंने स्वयंसेवक को संबोधित करते हुए कहा कि जागृत मतदाता ही लोकतंत्र का आधार होता है अतः राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ग्राम उमरी के नागरिकों को जागरूक करके लोकतंत्र को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर यश कुमार ने अपने संबोधन में ग्राम उमरी के निवासियों से अपील करते हुए अपने मतदान के अधिकार के अनिवार्य प्रयोग कर लोकतंत्र में सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। स्वयंसेवकों ने रैली के दौरान लोकतन्त्र हो तभी महान जहां करें सभी मतदान, नर हो या नारी देंगे वोट बारी बारी आदि नारों से ग्राम वासियों को जागरूक करने का कार्य किया। स्वयंसेवकों ने मतदाता जागरूकता थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करके मतदान के कर्तव्य के प्रति ग्रामवासियों को जागरूक किया। मतदाता जागरूकता रैली में महाविद्यालय के शिक्षक साथी डॉक्टर रीना आर्य, शशिभूषण सिंह,नंदन पांडेय, योगेश मिश्रा, शीलू त्रिवेदी, विनोद कुमार गौतम तथा रिया सिंह, लक्ष्मी, शिवा गौतम, दुर्गा गुप्ता, डॉली सक्सेना, शिवम, अवनीश, निखिल यादव, प्रिया शुक्ला, प्रिंशू यादव शिवानी अलका कुमारी, आकांक्षा कुमारी ज्योति नंदिनी दीक्षा भारतीय, सोनाली, सुप्रिया, वर्तिका अंगूरी, प्रियंका, शहनाज बानो आदि स्वयंसेवक शामिल हुए।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते छात्र- छात्राएं। अमृत विचार

### बूथों पर पर पसरा रहा सन्नाटा

**औरैया।** शनिवार को दो दिवसीय विशेष अभियान के तहत पहले दिन नगर क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर बीएलओ बैठे। इस दौरान बूथों पर पहुंचे मतदाताओं ने मतदाता सूचियों को देखा तथा छूटे मतदाताओं के नाम शामिल कराने को प्रपत्र –6 जमा कराये। वीजीएम डिग्री कालेज स्थित मतदान केन्द्र पर सभी पांचों बूथ के बीएलओ बैठे जहां इक्का दुक्का लोगों ने नाम बढ़ाने के अलावा संशोधन सम्बंधी प्रपत्र जमा किये। इस मौके पर केन्द्र के बूथ संख्या – 103 की बीएलओ ज्योति गुप्ता, 104 के मृत्युंजय अवस्थी, 105 के अखिलेश कुमार, बूथ संख्या– 106 की सुधा सिंह एवं 107 के बीएलओ रमेश राजपूत मौजूद रहे। सुपर वाइजर ने बताया कि रविवार को भी ग्यारह बजे से दो बजे तक सम्बधित बीएलओ बैठकर मतदाताओं से प्रपत्र जमा करेंगे। इसके अलावा पूर्व माध्यमिक विद्यालय (मिडिल) में भी कुल चार बूथों के बीएलओ मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक श्रीमती शकील अफ़रोज ने नये मतदाताओं को जागरूक किया।

## गैर इरादतन हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**इटावा।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के गांव फूलापुर के पास मारपीट के कारण युवक की मौत हो जाने के मामले के चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया। एसएसपी संजय वर्मा ने बताया कि मोहित कुमार कठेरिया निवासी फूलापुर पोस्ट थाना वैदपुरा ने थाना वैदपुरा पर सूचना दी कि घर में शादी होने के कारण उसका भाई राजीव उर्फ सिन्टू मोटर साइकिल से सामान लेने बिचपुरी खेड़ा बाजार गया था। बाजार से वापस आते समय रास्ते में ग्राम महोला निवासी रॉकी यादव आदि पांच लोगों ने मोटर साइकिल के सामने ऑटो लगाकर उसके भाई को जाति सूचक गालियां देते हुये एक राय होकर उसके साथ मारपीट की जिससे उसकी मौत हो गई। इस सम्बंध में गैर इरातन हत्या का मामला दर्ज किया गया। शनिवार को पुलिस ने हत्या करने के आरोपी रॉकी यादव, गौरव उर्फ लालू अंशुल यादव व सुरजीत उर्फ जीतू निवासी महोला को पकडा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**आवश्यकता है**
यूबीएस ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूट, बक्शी का तालाब, कठवारा, लखनऊ को बी.ए. संकाय हेतु आवश्यकता हैं। प्राचार्य एवं प्रवक्ताओं की, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, इतिहास, गृह विज्ञान, राजनीति विज्ञान, समाज शास्त्र, हिन्दी हेतु, **योग्यता लखनऊ विश्वविद्यालय मानकानुसार, सम्पर्क – प्रबंधक मो.: 9454716161**

**पं. ओंकार नाथ महाविद्यालय**
बखत का पुरवा बस्तीदेई गौरीगंज जनपद अमेठी
(सम्बद्ध- डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या)
**आवश्यकता है**
संस्था में संचालित बी.ए., एम.ए. एवं बी.एड्. पाठ्यक्रम में निम्न स्टाफ की– **प्रवक्ता बी.ए.–** हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, मध्यकालीन इतिहास एवं भूगोल प्रत्येक विषयो के लिए 01 पद। **प्रवक्ता एम.ए.–** शिक्षा शास्त्र एवं गृहविज्ञान में 02–02 पद। **प्रवक्ता बी. एड्.–** 04 पद। **योग्यता–** यू.जी.सी./राज्य सरकार/ विश्वविद्यालय के मानकानुसार। **वेतन–** राज्य सरकार के स्ववित्तपोषी शासनादेश के अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
**प्रबन्धक– डॉ. श्रीमती गीता पांडेय मो0– 8004232988**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट मे पति का नाम नवी अहमद (NAVI AHMAD) अंकित है। मेरे पति का सही नाम नबी अहमद (NABI AHAMAD) यह दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य मे मुझे रुकसाना पत्नी नबी अहमद के नाम से जाना जाए। **–श्रीमती रुकसाना पत्नी नबी अहमद, निवासी नेवादा गौसगंज संडीला हरदोई**

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम AFROZ AHMED SIDDIQUI था अब मैने बदलकर अपना नाम AFROJ AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। AFROJ AHMAD S/O: NOOH ALAM,34,MOHIB JOT, ALANPUR, ILTIFATGANJ, ILTIFAT BAZAR, AMBEDKAR NAGAR, UTTAR PRADESH-224145

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल प्रमाण पत्र में मेरा नाम अनुज कुमार वर्मा लिख गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड में अनुज कुमार है, यही सही है। मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **– अनुज कुमार पुत्र सुनील कुमार वर्मा निवासी– मं. नं.4 गोपाल नगर, यशोदा नगर, किदवई नगर कानपुर नगर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मुझे नवी अहमद (NAVI AHMAD) व नबी अहमद (NABI AHAMAD) दोनों नाम से जाना जाता है मेरा सही नाम नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद है, भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **–नबी अहमद पुत्र गौस मोहम्मद निवासी–नेवादा गौस गंज संडीला हरदोई।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कौशलिया देवी अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी न. –4200962 एम. ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील– कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कौशलिया देवी दर्ज है जबकि मेरा सही नाम कोशलिया देवी है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में कोशलिया देवी दर्ज किया जाये।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **ठाकुर सिंह मेहता अपने पुत्र लक्ष्मण सिंह मेहता आर्मी नं. –4200962एम, ग्राम/पोस्ट–गुलेर, तहसील–कपकोट, जिला–बागेश्वर, उत्तराखण्ड** सूचित हो कि मेरे पुत्र को सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम ठाकुर सिंह मेहता दर्ज है जबकि मेरा सही नाम ठाकुर सिंह है। मेरे पुत्र के सर्विस रिकार्ड में ठाकुर सिंह दर्ज किया जाये।

**मुईद अहमद पी0जी0 कालेज, दोस्तपुर, सुलतानपुर**
**में आवश्यकता है**
प्राचार्य – 01 पद
**स्नातक स्तर पर कला संकाय के अंतर्गत बी0ए0 पाठ्यक्रम में–** उर्दू, हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, गृहविज्ञान, समाजशास्त्र, प्राचीन इतिहास प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में–** भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01 पद।
**योग्यता एवं वेतनमान–** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्वप्रमाणित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो पता लिखे लिफाफे के साथ पी0जी0 कालेज के पते पर सम्पर्क करें।
मो0 नं0 7311115152, 8601042694 अध्यक्ष – मुईद अहमद

